राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 264
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 18 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236


मुख्य अपडेट
पेज 3 सीवर टैंक में डूबने से दो सफाईकर्मी की मौत
पेज 4 सहारनपुर में युवक की गला रेतकर हत्या
पेज 6 सूर्यकुमार फिट हुए, एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे

## संक्षिप्त खबरें

### एमपी में 14 करोड़ का सोना लूटा, बिहार में छिपाया

**जबलपुर।** जबलपुर के सिहोरा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश लूटने के मामले का खुलासा हो गया। रविवार को पुलिस ने 4 आरोपियों को दमोह से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने 11 अगस्त को 15 मिनट में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक आरोपी रहीस सिंह ने सारा गोल्ड बिहार के रहने वाले साथियों के पास छिपा दिया था। डेढ़ लाख अपने पास रखे थे। इनका प्लान था कि सोना लेकर कुछ लोग बिहार में छिपे रहेंगे। मौका पाकर बिहार जाएंगे और वहां बंटवारा कर लेंगे। पुलिस ने बताया कि इसमें अभी कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी होनी है। गोल्ड की रिकवरी भी बाकी है।

### कोच्चि में टेकऑफ से पहले एअर इंडिया प्लेन में खराबी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार रात एअर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई 504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। कॉकपिट क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को रखरखाव जांच के लिए वापस बे में ले आए।

# कठुआ में 3 जगह बादल फटा

## 7 लोगों की मौत, कई घायल; हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। आज कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा।

जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी।

लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूट गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा- लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है।

हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। आज सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है।

### हिमाचल प्रदेश : कुल्लू में बादल फटा-मंडी में फ्लैश फ्लड

रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। टकोली सब्जी और टकोली फोरलेन पर फ्लड के कारण मलबा आ गया। कुल्लू-मंडी के अलग-अलग इलाकों में 10 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ है। कई घरों में अंदर मलबा भर गया है। शालानाल खड्ड में आई बाढ़ से एफकॉन कंपनी के ऑफिस और कॉलोनी की दीवार टूट गई। यहां पर कर्मचारियों ने भाग कर बचाई जान, स्थानीय लोगों के घरों को भी काफी नुकसान हुआ। टकोली, पनारसा और नगवाई में 10 से अधिक गाड़ियों को भी नुकसान हुआ है।

### जम्मू-कश्मीर में 17-19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना

वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 17-19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है।

### सीधे स्पेक्ट्रम आवंटन प्रस्ताव के खिलाफ दूरसंचार कंपनियां एकजुट

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र में स्पेक्ट्रम आवंटन का विवाद एक बार फिर जोर पकड़ने लगा है। निजी 5जी नेटवर्क और सैटेलाइट ब्रॉडबैंक सेवा देने वाली कंपनियों को सीधे स्पेक्ट्रम आवंटन के प्रस्ताव के खिलाफ देश की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों की तरफ से कड़ा विरोध होने लगा है। रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के साथ ही सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआइ) ने भी इसके खिलाफ लामबंदी शुरू कर दी है। बगैर खुली निविदा व नीलामी प्रक्रिया के स्पेक्ट्रम आवंटन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, बाजार में प्रतिस्पर्धा को खत्म करने वाला और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाला बताया जा रहा है। सीओएआइ ने इस बारे में दूरसंचार विभाग (डॉट) को पत्र लिख कर कहा है कि सीधे स्पेक्ट्रम आवंटन से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इस तरह से जिन कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित होंगे उन्हें नियामक दायित्वों से छूट हासिल हो सकती है।

# सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट



- भाजपा संसदीय दल की बैठक में तय हुआ नाम, 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। रविवार को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। सीपी राधाकृष्णन का पूरा नाम चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन है। इनका जन्म 4 मई 1957 को तिरुपुर, तमिलनाडु में हुआ था। 16 साल की उम्र में ही आरएसएस से जुड़ गए थे। 1998 और 1999 में कोयंबटूर सीट से सांसद बने थे। 2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। 2023 में झारखंड के राज्यपाल बने थे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

### विरोध प्रदर्शन



पशु प्रेमियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अधिकारियों को सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को उठाकर कुत्तों के आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने के सर्वोच्च न्यायालय के हालिया आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

### उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर आज इंडिया ब्लॉक की बैठक

**नई दिल्ली।** विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार पर चर्चा कर सकता है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के ऑफिस में सुबह 10: 15 बजे संसदीय दल की बैठक बुलाई गई है। खड़गे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में इंडिया ब्लॉक उपराष्ट्रपति पद के लिए जॉइंट कैंडिडेट का नाम तय सकता है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार रात खड़गे से फोन पर एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन मांगा।

# बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा', खुली गाड़ी में राहुल-तेजस्वी

## लालू बोले-बीजेपी को उखाड़ फेंकना है, राहुल ने कहा-ये संविधान बचाने की लड़ाई

**सासाराम, रोहतास।** बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर, सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट रिवीजन) के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' सासाराम से शुरू हुई। यहां के सुआरा हवाई अड्डा ग्राउंड में हुई जनसभा में राहुल बोले, 'ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं।'

जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। महाराष्ट्र में ओपिनियन पोल कह रहे थे, महागठबंधन चुनाव जीतेगा।




लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन 4 महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हमने पता लगवाया तो पता चला 1 करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए। बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देगी क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे। नरेंद्र मोदी जी और एनडीए अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है।

कई दिनों बाद किसी जनसभा में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा- 'चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए।'



### हैप्पी मॉर्निंग

किसी शादी में पंडित जी ने दूल्हे का हाथ दुल्हन के हाथ में थमा दिया, एक बच्चा ये देख रहा था, उसने अपने पिता से पूछा - पिताजी दूल्हा और दुल्हन आपस में हाथ क्यों मिला रहे हैं ? पिता ने उत्तर दिया - बेटा, पहलवान अखाड़े में उतरने से पहले हाथ जरूर मिलाते हैं...



### शायरी

इसी जगह इसी दिन तो हुआ था
ये एलान
अँधेरे हार गए ज़िंदाबाद
हिन्दोस्तान

# राजस्थान में नीले ड्रम में मिला युवक का शव

### गलने के लिए डाला गया था नमक; पत्नी घर से गायब

**नई दिल्ली।** राजस्थान में खैरथल-तिजारा जिले में मेरठ हत्याकांड की तरह हत्याकर शव को नीले ड्रम में डालकर शव को नष्ट किए जाने का मामला सामने आया है।

यहां एक घर की छत पर प्लास्टिक के नीले ड्रम में 28 वर्षीय युवक हंसराज का शव मिला है। हंसराज उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। शव को गलाने के लिए ड्रम में नमक और थोड़ा पानी डाला गया था।

#### किराए के मकान में रह था हंसराज

मालूम हो कि मेरठ में शव को गलाने के लिए सीमेंट डाला गया था। पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह निर्वाण ने बताया कि आदर्श कॉलोनी में मृतक हंसराज परिवार के साथ किराए का कमरा लेकर रहता था। हंसराज पास ही ईंट भट्टे पर मजदूरी मरता था। रविवार को मकान मालिक राजेश की पत्नी मिथलेश किसी काम से घर की छत पर गई तो उसको बदबू आई।

उसने नीले ड्रम के पास जाकर देखा तो उसमें हंसराज का शव पड़ा हुआ था। मिथलेश ने पुलिस का सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। शव स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।



#### ड्रम में डाला गया था नमक और पानी

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शव को गलाने के लिए ड्रम में नमक और थोड़ा पानी डाला गया था। हंसराज शराब पीने का आदी था। वह जितेंद्र के साथ कई बार शराब पीता था। जितेंद्र की पत्नी की मौत हो चुकी है।

पुलिस इस बात को ध्यान में रखकर जांच कर रही है कि कहीं हंसराज की पत्नी और जितेंद्र के बीच किसी प्रकार के अनैतिक संबंध तो नहीं थे, जिसकी वजह से हंसराज की हत्या कर शव को ड्रम में डाल दिया गया हो।

#### जितेंद्र भी है लापता

मिथलेश के अनुसार हंसराज को करीब डेढ़ महीने पहले उसके बेटे जितेंद्र ने कमरा किराए पर दिया था। मिथलेश का बेटा हंसराज का पूर्व परिचित था। कमरा किराए पर देते समय जितेंद्र ने अपने माता-पिता को बताया था कि हंसराज उसका परिचित है।

इस पर माता-पिता ने कमरा किराए पर दे दिया। शनिवार को मिथलेश और राजेश बाजार गए थे। वापस लौटे तो हंसराज की पत्नी और तीन बच्चे कमरे में नहीं थे। जितेंद्र भी शनिवार शाम से लापता है।

# गुजरात : दो कारों की हुई जोरदार टक्कर; 8 लोगों की जलकर मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को दो कारों की टक्कर में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत आठ लोगों की जलकर मौत हो गई। यह भीषण दुर्घटना वधावन तालुका के डेडादरा गांव के पास हुई। दूसरी कार (एसयूवी) में सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद कार सड़क किनारे खाई में गिर गई और आग के गोले में बदल गई।



#### सभी लोगों की जलकर हुई मौत

इससे सभी लोग उसमें फंस गए, जबकि स्थानीय लोग असहाय होकर देखते रहे। सुरेंद्रनगर के डीआईजी गिरीश पंड्या ने बताया कि कार में सवार सभी आठ लोगों की जलकर मौत हो गई। जबकि एसयूवी में सवार तीन अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि टक्कर के कारण एसयूवी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

#### कार जलकर हुई राख

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने से कार पूरी तरह जलकर राख हो गई और स्थानीय दमकल कर्मियों को शवों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
80,597.66
+57.75 (0.072%)
निफ्टी:
24,631.30
+11.95

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 54
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 59

### हलफनामा या माफी

**प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं, वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें**

# राहुल का नाम लिए बिना चुनाव आयोग का निशाना

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी का नाम लिए बिना चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है। वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे। 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा।

एक पार्टी के साथ साठगांठ के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा- हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है। सभी राजनीतिक दल बराबर हैं। अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का



आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है।

सीईसी ने कहा- कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है। चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान के साथ खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा।

दरअसल, राहुल ने 7 अगस्त को ईसी पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था, वोट चोरी हो रहे हैं। हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग चोरी में शामिल है। वे भाजपा के लिए ऐसा कर रहे हैं।

#### राहुल गांधी बोले- अनुराग ठाकुर ने भी यही बात बोली, उनसे हलफनामा नहीं मांगा

ईसी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद बिहार के औरंगाबाद में रविवार को राहुल गांधी ने कहा- चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। लेकिन जब अनुराग ठाकुर वही बात कहते हैं, जो मैं कह रहा हूं, तो उनसे हलफनामा नहीं मांगा जाता।

राहुल ने कहा कि ईसी ने जिंदा लोगों को मरा हुआ घोषित कर दिया। ईसी ने एक बार फिर डिजिटल, मशीन-रीडेबल वोटर रोल देने से इनकार कर दिया। सीसीटीवी फुटेज न देने के लिए बहाने पर बहाना बना रही है। भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर बेंगलुरु सेंट्रल में चोरी की है। यह मैं गारंटी से कह रहा हूं। हमारे पास पूरे सबूत हैं और हमने पूरे देश को दिखा दिया कि वहां 1 लाख फर्जी वोटर हैं।

# मुंबई में भारी बारिश; चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद


### यूपी में बाढ़ में फंसी गर्भवती की नाव पर मौत; एमपी में नदियां उफान पर

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। हिमालय के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मैदानी इलाकों में बाढ़ का नुकसान पहुंचा रहा है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई शहर, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग के अलावा कोंकण और गोवा में अचानक बाढ़ आने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अस्पताल जा रही गर्भवती महिला की नाव पर ही मौत हो गई। मड़इया गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। ऐसे में परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर नाव से आशा कार्यकर्ता को बुलाया। आशा कार्यकर्ता ने जांच के बाद अस्पताल ले जाने को कहा। पति और आशा कार्यकर्ता जमुना को नाव में लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

मध्य प्रदेश में भी बाढ़ के हालात हैं। बड़वानी के राजपुर में नदी-नाले उफान पर हैं। यहां के नगर पालिका उपाध्यक्ष की कार नदी में बह गई। प्रदेश में 939.8 मीमी बारिश होती है। अब तक 787.4 मीमी हो चुकी है।

# संपादकीय



## ‘एसआईआर’ को लेकर जवाब तो चुनाव आयोग को ही देना होगा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत का लोकतंत्र विश्व में अपनी मजबूती और पारदर्शिता के लिए जाना जाता है। इसकी नींव स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर टिकी है, जिसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है। हाल ही में बिहार में ‘विशेष गहन संशोधन’ (एसआईआर) यानी Special Intensive Revision को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। विपक्षी दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस प्रक्रिया पर संदेह जताया है, जिसके जवाब अब चुनाव आयोग को देने होंगे।

एसआईआर एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत मतदाता सूची में सुधार और संशोधन किए जाते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची सटीक और अद्यतन हो, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और फर्जी मतदाताओं का नाम हटाया जा सके। लेकिन बिहार में चल रही इस प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह वास्तव में निष्पक्ष और पारदर्शी है?

विपक्षी दलों का आरोप है कि एसआईआर के नाम पर बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। कुछ नेताओं ने दावा किया है कि लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के हटा दिए गए। यह एक गंभीर आरोप है, क्योंकि मतदाता सूची से नाम हटाना लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को प्रभावित कर सकता है। यदि यह प्रक्रिया लक्षित समुदायों या क्षेत्रों के खिलाफ हो रही है, तो यह न केवल अनुचित है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।

चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया को मतदाता सूची को साफ करने का एक प्रयास बताया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस प्रक्रिया में सभी पक्षों को विश्वास में लिया गया? विपक्ष का कहना है कि पुरानी मतदाता सूची की तुलना के लिए डिजिटल सूची उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे इसकी ऑडिटिंग असंभव है। इसके अलावा, आधार जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को नजरअंदाज करने की बात भी सामने आई है। यह सवाल उठता है कि क्या आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और जनता को इस प्रक्रिया में शामिल किया?

चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इन सवालों का स्पष्ट जवाब नहीं मिला। विपक्षी नेताओं का कहना है कि आयोग ने यह नहीं बताया कि एसआईआर के लिए कौन से दस्तावेज जरूरी हैं और इसे लागू करने का आधार क्या है। साथ ही, इस प्रक्रिया के लिए दी गई समयसीमा भी अव्यवहारिक बताई जा रही है। लोकतंत्र में पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं, तो यह जरूरी है कि चुनाव आयोग इनका खुलकर जवाब दे। यह न केवल जनता का अधिकार है, बल्कि आयोग की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। बिहार में होने वाले आगामी चुनावों से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न हो।

चुनाव आयोग को चाहिए कि वह इस प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाए। सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर पुरानी और नई मतदाता सूचियों की तुलना के लिए डिजिटल डेटा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, यह स्पष्ट किया जाए कि नाम हटाने का आधार क्या है और यह प्रक्रिया किन नियमों के तहत हो रही है। यदि आयोग इन सवालों का जवाब नहीं देता, तो यह लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास को कमजोर कर सकता है।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि एसआईआर को लेकर उठे सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ हैं, और इसकी रक्षा के लिए सभी पक्षों को मिलकर काम करना होगा।

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात?

योगेश कुमार गोयल



ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं?

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी।

हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है?

देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है?

संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रुपये बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते हैं।

अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रुपये से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है।

आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी।

हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता।

‘सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का’ कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं।

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है।

स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है।

आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है?

क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए?

लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो।

आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।


## ऐसी नहीं आज़ादी

हमारे बीच वो पीढ़ी अपनों के सपनों का आकाश तलाश रही है, जिसने आजादी के लिये संघर्ष के त्रास को करीब से महसूस नहीं किया। सदियों वाली गुलामी की त्रासदी क्या होती है, पहले स्वतंत्रता दिवस पर देशव्यापी उल्लास के जुनून में इसकी झलक देखी जा सकती थी। निस्संदेह, बड़े जतन से हासिल किसी कामयाबी को वही व्यक्ति गहरे तक महसूस कर सकता है, जिसने उससे जुड़े त्रास को सहा हो। बेशक, इस आजादी की कीमत का अहसास नई पीढ़ी को होना चाहिए। लेकिन हाल के वर्षों में हम लोक-व्यवहार में ऐसी अराजकता देख रहे हैं, जो हमारी आजादी के दुरुपयोग की परिणति है। किसी भी आजादी का महत्व तभी तक है जब हम अपने व्यवहार में गरिमा, जिम्मेदारी व जवाबदेही का भाव लाएं। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेन व बसों में खाद्य वस्तुओं-फलों के अवशेष तथा पेय पदार्थों की बोतलों के अंबार लगे होते हैं। जो बताते हैं कि हम अपनी आजादी का कितना दुरुपयोग कर रहे हैं। जब आप ट्रेन से सफर कर रहे हों तो देखेंगे कि तमाम लोग चीजें खाकर उनके रैपर, प्लास्टिक की थैलियां तथा कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें खिड़की से बाहर फेंक देते हैं। प्लास्टिक का कचरा रेल की पटरियों में जहां-तहां बिखरा रहता है। आखिर कौन उठाएगा इस कचरे को? कमोबेश बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसी स्थिति बनी रहती है कि लोग कूड़ा-दान बने होने के बावजूद कचरे को फर्श पर फेंक देते हैं। निश्चय ही इस बाबत जवाबदेही तय करने की जरूरत है। इसी तरह लोग सड़क पर चलती कार से प्लास्टिक का कचरा सड़क पर फेंक देते हैं। जाहिर है सारे रास्ते की नियमित सफाई नहीं होती। प्लास्टिक का सामान गलता नहीं है और सालों-साल वहीं पड़ा जीव-जंतुओं के लिये मुसीबत पैदा करता है। कमोबेश, हिल स्टेशनों पर भी पर्यटक बड़ी मात्रा में प्लास्टिक व अन्य कचरा पहाड़ों पर छोड़ आते हैं। जो जल स्रोतों व भूमि की उर्वरता को बाधित करता है।

इसी तरह देश की जीवनदायिनी नदियां हमारे फेंके गए कचरे से बुरी तरह प्रदूषित हो गई हैं। आस्था की हमें आजादी है लेकिन पूजा के बचे सामान, मूर्ति विसर्जन तथा प्लास्टिक की थैलियों को नदियों में बहाने की हमें आजादी नहीं है। आज नदियों का पानी आचमन तो दूर, सिंचाई की दृष्टि से भी विषैला हो गया है। दिल्ली में यमुना नदी में विषैले रसायनों का उफनता झाग फैक्ट्री मालिकों की निरंकुश आजादी का दंश है, जो जहरीले रासायनिक अवशेषों को जीवनदायिनी नदियों में बहा देते हैं। आखिर शासन-प्रशासन कहां तक निगरानी करेगा। उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश, समाज व व्यक्ति तथा प्रकृति के हितों के बारे में भी सोचना होगा। अकसर समाज में नकली पनीर व दूध बिकने की खबरें आती हैं। कैसे निष्ठुर लोग हैं कि चंद सिक्कों के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करने से नहीं चूकते। उन्हें मिलावट की आजादी नहीं है। यह आजादी का दुरुपयोग है। कहीं न कहीं आम जीवन में आजादी के लिये जिम्मेदारी का बोध नजर नहीं आता। देश की सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा की जवाबदेही हमारी स्वतंत्रता का ही हिस्सा है। हमें अपने घर के कचरे को सड़क या पड़ोसी के घर के बाहर फेंकने की आजादी भी नहीं है। शराब के ठेके के बाहर शराब पीकर सड़कों के बीच या किनारे खाली बोतलें फेंकने की भी हमें आजादी नहीं हैं। दुर्भाग्य से बोतलों के टूटने से बिखरा कांच कितने लोगों को घायल करता है, ये पीने की आजादी का दुरुपयोग करने वाले नहीं जानते। एक दार्शनिक ने कहा था कि तुम्हारी आजादी वहां खत्म हो जाती है जहां से मेरी नाक शुरू होती है। यानी किसी की आजादी का मतलब दूसरे व्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। यही बात हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व प्रक्रिया पर भी लागू होती है। यह आजादी विवेकशील मतदान की जवाबदेही भी तय करती है। वोट देने की आजादी कहती है कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम जाति-धर्म व क्षेत्र की संकीर्णताओं से मुक्त रहें। यह भी कि हमें इस बात की आजादी नहीं है कि हम दागियों को जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज सकें।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3623




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 3622 का हल



## हंसी के फूव्वारें

‘यार, एक बात समझ में नहीं आई, तुमने अपनी फर्म के लिए विकलाँग खजांची का चुनाव क्यों किया?’ पहले मित्र ने जानना चाहा.

‘ताकि फरार होने पर वह जल्द से जल्द पकड़ा जा सके.’ दूसरे मित्र ने कारण बताया.

□ □ □

द्वार पर बहुत देर तक दस्तक पड़ने के कारण पति महोदय की नींद खुली, तो पत्नी को जगाते हुए बोली, ‘सुनती हो, बहुत देर से कोई हमारे द्वार पर दस्तक दे रहा है.’

‘ओह! तो तुम घर पर ही हो.’ पत्नी उनींदे स्वर में बोली, ‘मैं तो यह सोचकर निश्चित थी कि द्वार पर तुम खड़े चिल्ला रहे हो.’

□ □ □

‘मेरी घरवाली मेरे सिवा किसी और मर्द की ओर देखना तक पसंद नहीं करती.’ पहले दोस्त ने बताया.

‘पर यह बात आपको कैसे मालूम हुई?’ दूसरे दोस्त ने जानना चाहा.

‘ऐसे कि कल जब मेरी घरवाली का एक परिचित घर आया, तो वह उसे देखती ही बोली, दफा हो जाओ मेरी नजरों से हमेशा के लिए. अब मैं तुम्हारा चेहरा तक देखना पसंद नहीं करती.’ पहला मित्र बोला.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3623



**बायें से दायें:-**

१. ‘अंग्रेजी में कहते हैं’ गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की ‘माँग लूंगा तुझे’ गीत वाली फिल्म-३
५. ‘शीशा हो या दिल हो’ गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की ‘यार बदल ना जाना’ गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के ‘सामने वाली खिड़की में’ रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की ‘रंग दी रंग दी’ गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की ‘राज की बात कह’ कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. ‘जिस दिल में बसा था’ गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की ‘जीना तेरी बाहों में’ गीत वाली फिल्म-३
२०. ‘घायल घायल तूने मुझे’ गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की ‘चलो एक बार फिर से’ गीत वाली फिल्म-४
२२. ‘गाये जा गीत मिलन के’ गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की ‘टपका रे टपका’ गीत वाली फिल्म-४
२९. ‘मैं दुनिया भुला दुंगा’ गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. ‘बाराना दे बाराना’ गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. ‘हाय रे हाय रे’ गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत ‘अंखियां मिलाके जिया’ गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म ‘अनोखी रात’ के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. ‘नींद कभी रहती थी’ गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. ‘मेरे अँगने में तुम्हारा’ गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. ‘माई हार्ट इज बीटिंग’ गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की ‘कोई हमदम ना रहा’ गीत वाली फिल्म-३
१४. ‘गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा’ गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म ‘शरीफ बदमाश’ में नायिका कौन थी-२
१८. ‘तुम रूठ के मत’ गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की ‘जहाँ चार यार’ गीत वाली फिल्म-३
२०. ‘आँखों से तूने ये क्या’ गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की ‘अरे दीवानों मुझे पहचानो’ गीत वाली फिल्म-२
२४. ‘गोरी तेरा नखरा’ गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. ‘जाने क्या होगा रामा रे’ गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3622



## सूडोकु -3623

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु - 3622 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3623



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्ट्रीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली -3622 का हल



# सीवर टैंक में डूबने से दो सफाईकर्मी की मौत

## नोएडा में बिना सुरक्षा उपकरण के उतरे थे टैंक में, दोनों भाईयों की पत्नियां गर्भवती हैं

**गौतम बुद्ध नगर।** सेक्टर-115 में बने सीवेज पंपिंग स्टेशन में सीवर टैंक की सफाई करने उतरे दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम हुआ। सूचना पर पहुंची सेक्टर-113 थाना पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। मृतकों के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए ठेकेदार समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



### अलीगढ़ के रहने वाले थे दोनों भाई

अलीगढ़ के महुआखेड़ा गांव निवासी 26 वर्षीय विकास और उसका चचेरा भाई 24 वर्षीय खुशहाल दोनों प्राइवेट सफाई कर्मचारी थे। दोनों परिवार के साथ सेक्टर-49 क्षेत्र स्थित बरौला गांव में किराए पर रहते थे। दोनों सफाई ठेकेदार पुष्पेंद्र और सुपरवाइजर अजीत के अधीन सीवर टैंक और नाली सफाई का काम करते थे।

### ठेकेदार के बुलावे पर गए थे टैंक सफाई करने

शनिवार दोपहर ठेकेदार पुष्पेंद्र ने दोनों को सेक्टर-115 स्थित सीवेज पंपिंग स्टेशन पर बुलाया। यहां सीवर टैंक की सफाई की जिम्मेदारी सौंप दी। सीवर टैंक साफ करते समय दोनों उसमें गिर गए। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। काफी देर तक दोनों की लाश सीवर टैंक में ही पड़ी रही। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह दोनों के शवों को बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ठेकेदार और सुपरवाइजर पर रिपोर्ट दर्ज

खुशहाल के भाई ब्रजेश कुमार ने ठेकेदार और सुपरवाइजर पर लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज कराया। ब्रजेश का आरोप है कि इस मामले में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दोनों के पास सुरक्षा के कोई उपकरण नहीं थे। बिना रस्सी बांधे ही उसके भाईयों को सीवर टैंक साफ करने के लिए उतार दिया गया। यदि उनके पास सुरक्षा उपकरण होते तो हादसा नहीं होता।

### दोनों की पत्नी हैं गर्भवती

ब्रजेश ने बताया कि खुशहाल की छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसकी दो बेटी हैं। पहली बेटी पांच वर्ष और दूसरी दो वर्ष की है, जबकि विकास की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी चार वर्ष की एक बेटी है। दोनों की पत्नी गर्भवती हैं। दोनों की मौत की खबर सुनकर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ग्रेटर नोएडा में लोगों ने जेवर एयरपोर्ट का किया विरोध

## मुआवजे और नौकरी की मांग की, आंदोलन की दी चेतावनी



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर विरोध तेज हो गया है। रविवार को रनहैरा गांव में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुखबीर सिंह ने की, जबकि संचालन बृजपाल ने किया।
पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तार में अब 14 गांवों को विस्थापित किया जाना है। ग्रामीणों ने 5 से 15 लाख रुपए मुआवजा और घर के बदले समान क्षेत्रफल की जमीन की मांग की है। ग्रामीण बृजपाल के अनुसार, प्रभावित परिवारों को नौकरी और नए स्थान पर सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। उन्होंने बताया कि गांव में पिछले एक साल से धरना जारी है। जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होंगी, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीण नीरज ने कहा कि वे 13 गांवों में जन जागरण अभियान चलाएंगे। उन्होंने गांव का सर्वे कराने से भी इनकार कर दिया है। उनका आरोप है कि पिछले विस्थापन में प्राधिकरण ने किसानों के साथ धोखा किया था।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में रोटरी क्लब और पूर्वांचल हाईट्स सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा और पूर्वांचल हाईट्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज, रविवार, 17 अगस्त 2025 को सोसाइटी के क्लब हाउस में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 37 यूनिट बहुमूल्य रक्त एकत्रित किया गया। क्लब सदस्य मनीष गर्ग ने बताया कि रक्तदान शिविर में सोसाइटी के निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। आपका दिया हुआ रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। आज आपका दान कल आपके किसी परिवारजन या मित्र की जरूरत को पूरा कर सकता है। शिविर में शुभम सिंघल, मुकुल गोयल, अभिषेक अग्रवाल, कपिल गुप्ता, मोहित बंसल, मनु जिंदल, उदित गोयल, मनीष गर्ग, शुभम गोयल, मयंक गर्ग सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल रक्तदान के महत्व को उजागर किया, बल्कि समुदाय में एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया।

## बिजली ट्रांसफॉर्मर से बच्चा झुलसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक बिजली ट्रांसफॉर्मर की लापरवाहीपूर्ण स्थापना से 9 वर्षीय बच्चे की जिंदगी बदल गई। दनकौर कस्बे में 21 जुलाई को कृष नाम का बच्चा पतंग उड़ाते समय खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आ गया। घटना में गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। चोटों की गंभीरता के कारण डॉक्टरों को उसका एक हाथ काटना पड़ा। बच्चे का इलाज अभी भी जारी है। पीड़ित की मां पूजा ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने एससी-एसटी आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए डीएम और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया। आयोग के हस्तक्षेप के बाद, घटना के 26 दिन बाद शनिवार को दनकौर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बिजली कर्मियों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई।

## नोएडा एयरपोर्ट से विस्थापित गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्थापित गांव रन्हेरा में रविवार को भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हुई,जिसमें निर्णय लिया गया कि एयरपोर्ट से विस्थापित सभी गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। पंचायत की की अध्यक्षता सुखबीर सिंह एवं संचालन बृजपाल ने किया। संगठन के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया जेवर एयरपोर्ट के विस्थापन में करीब 14 गांवों को विस्थापित किया जा रहा है। प्रभावित गांवों के लोगों की मांग है कि घर के बराबर जमीन दी जाए। ग्रामीण बृजपाल ने बताया हर परिवार को नौकरी एवं जहां पर गांव बसाया जाए, वहां पर सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।बता दें कि रन्हेरा गांव में पिछले एक साल से धरना चल रहा है। जब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होगी धरना जारी रहेगा। निर्णय लिया गया कि 13 गांवों में जनजागरण कर लोगों को अधिकारों के प्रति जगाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर राजे प्रधान, अनित कसाना, सुनील प्रधान, रॉबिन नागर, गुलाब, राजमल, धर्मपाल, स्वामी, प्रीतम, मनीष, मंगल, सूबेदार साहब, विल्सन, उदयवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## अनियमितता का आरोप लगा निर्माण कार्य रुकवाया

**रबूपुरा।** यमुना प्राधिकरण द्वारा गांव मोहम्दाबाद खेड़ा में कराए जा रहे निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कार्य को रुकवा दिया। लोगों ने इसकी शिकायत प्राधिकरण के सीईओ से करने की बात कही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। हाल ही में बनाया गया नाला सड़क से कुछ फिट गहरा है और बारिश में चलते कीचड़ से भर गया है। अब पानी आगे जाने की बजाय लोगों के घरों के आगे रुका हुआ है।ग्रामीणोंने बताया कि भाईपुर रबूपुरा मार्ग से गांव तक बनाए जा रहे नाले में लेबल का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सड़क से नाले की गहराई कहीं दो फिट है तो कहीं पर पांच फिट गहरा है। जिसकारण कीचड़ मिट्टी से पूरी तरह भर गया है और बारिश का पानी पहले की तरह सड़क पर बह रहा है। कीचड़ के चलते ग्रामीणों का सड़क से गुजरना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही अनियमितता और संबंधित इंजिनियर की शिकायत प्राधिकरण सीईओ से करने की बात कही।

## बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर रैली निकाली

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कुलेसरा, लखनावली व सुत्याना गांव की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर रविवार को रैली निकाली। एकता संघर्ष समिति के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। महिलाओं और बच्चों ने भी हिस्सा लिया। रैली श्याम विहार कॉलोनी लखनावली से शुरू हुई,जो जय हनुमान, परशुराम विहार, पवन एन्क्लेव, मयूर कुंज, न्यू फ्रेंडस, श्रीराम, राम जानकी नगर आदि कॉलोनियों से होकर गुजरी। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि जब तब पक्का बिजली कनेक्शन नहीं मिल जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।कॉलोनी में रहने वाले सभी लोगों को एकजुट किया जाएगा। इन कॉलोनियों में रहने वाले हजारों परिवारो को बिजली कनेक्शन न मिलने से प्रशासन, प्राधिकरण व नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। पूर्व में भी कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। बता दें कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति के बसाई गई कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन पर रोक लगा दी गई है। प्राधिकरण ने एनपीसीएल को पत्र लिख निर्देश दिया है कि बिना अनुमति के बिजली कनेक्शन न दिया जाए। इसके साथ ही विद्युत नियामक आयोग ने भी डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन पर रोक लगा दी है।

## सेक्टरों और गांवों में पड़े कचरे की समस्या दूर होगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों और गांवों में इधर-उधर जमा कचरे की समस्या से निजात दिलाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए अस्तौली में 800 टन प्रतिदिन क्षमता का संयंत्र लगाया जाएगा। यहां मिश्रित ठोस कचरे (गीला व सूखा) का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण किया जाएगा। संयंत्र की स्थापना उसके रखरखाव और पांच साल तक संचालन के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है। प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है। इच्छुक एजेंसियां 8 सितंबर तक आवेदन कर सकती हैं। इस परियोजना पर 182.94 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। कूड़ा निस्तारण केंद्र तक कचरा पहुंचाने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी।अभी क्षेत्र के लखनावली गांव के पास स्थित डंपिंग ग्राउंड पर जमा कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद इस स्थान पर कूड़ा नहीं डाला जाएगा। दरअसल शहर को स्वच्छता के मामले में अव्वल बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव के पास आधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र विकसित किया जा रहा है,जहां उस दिन का कूड़ा उसी दिन निस्तारित किया जाएगा। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानों पर भी कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित करने की तैयारी चल रही है।

# नोएडा में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। सेक्टर-62 के पास रात में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। वह नहीं रुका और भागने लगा।
पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के थाना कोतवाली देहात के ग्राम इमलिया के रहने वाले सोहनपाल उर्फ सोनू (25) के रूप में हुई। नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश सोहनपाल से एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। एटा के शुभम (24) और फिरोजाबाद के निखिल (21) दोनों नोएडा के सेक्टर 68 में किराये के मकान में रहते थे।
तीनों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने सेक्टर-57 से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी की थी। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज है। दूसरी बरामद बाइक भी कुछ दिन पहले नोएडा से चोरी की गई थी, जिसकी जांच की जा रही है।

## ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ की बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में अच्छेजा बुजुर्ग गांव में रविवार को किसान एकता संघ की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। बैठक में कई ग्रामीण संगठन से जुड़े। एडवोकेट उम्मेद त्यागी ने किसानों के हित में संगठन की उपलब्धियों और नीतियों की जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बढ़ते बिजली बिल और महंगाई ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। साथ ही युवाओं से किसानों और मजदूरों की आवाज उठाने की अपील की। बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया और नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में मेहरबान अली, कृष्णा बैसला, देशराज नागर, चंद्रकांत पाटिल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। जोरा भाटी, आसिफ प्रधान, परवेज़ खान, संजय प्रधान और सैकड़ों ग्रामीणों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

# शारदा यूनिवर्सिटी के बीटेक छात्र नॉलेज पार्क हॉस्टल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

- सुसाइड नोट में लिखा ...यह दुनिया मेरे लिए नहीं है। मैं किसी काम का नहीं हूं... सॉरी.. बाबा ओर मां आपके ओल्ड इस में आपका मदद नहीं कर पाया... मृत्यु के लिए किसी को जिम्मेदार न माना जाए.



**ग्रेटर नोएडा।** शारदा यूनिवर्सिटी के बीटेक छात्र शिवम डे ने 15 अगस्त की रात नॉलेज पार्क हॉस्टल में चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना नालेज पार्क पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। पुलिस अधिकारियों और फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है जहां सुसाइड नोट मिला है जिसमे तनाव और दबाव के कारण सुसाइड करने की बात कही गई और इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है।
बता दे कि शारदा यूनिवर्सिटी के बीटेक छात्र शिवम डे ने सुसाइड नोट लिखा है... जब आप यह पढ़ रहे होंगे मैं मृत हो चुका होगा। मेरी मौत का यह निर्णय मेरा है इसमें कोई और शामिल नहीं है।... यह दुनिया मेरे लिए नहीं है। मैं किसी काम का नहीं हूं.. मैं पुलिस से भी अनुरोध करता हूं कि मेरी मृत्यु के लिए किसी को जिम्मेदार न माना जाए... उन सभी लोगों से क्षमा चाहता हूं जो मुझे प्यार करते थे, सॉरी.. बाबा मां आपके ओल्ड इस में आपका मदद नहीं कर पाया मैं और तनाव और प्रेशर को झेल नहीं पा रहा था... लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है मैं अपने मृत्यु के बाद किसी का पीछा नहीं करूंगा।
सुसाइड नोट मिलने के बाद शिवम डे पिता आहत है, उनका कहना है कि यूनिवर्सिटी, जब जो फीस ले रहे रही, उनकी प्रिस्पॉन्सिविटी बनती है की घर पर इन्फॉर्म करे या लोकल गार्डियन को इन्फॉर्म करे कि शिवम इतने सालों से क्या इतने दिनों से वो कॉलेज नहीं पहुँच रहा है।
पुलिस का कहना है कि थाना नॉलेज पार्क को निजी अस्पताल से मेमो से सूचना मिली थी, कि नॉलेज पार्क के एक हॉस्टल में रहने वाले बीटेक के 24 साल के छात्र शिवम डे ने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर थाना पुलिस द्वारा हॉस्पिटल पहुँचकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।
पुलिस अधिकारीगण व फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। मृतक के परिजन मौके पर मौजूद है। अन्य कार्यवाही की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## ट्रांसफॉर्मर चोरी के आरोपी को लगी गोली, एक गिरफ्तार; दो तमंचे और मोटरसाइकिल बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र में पुलिस और गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। एक बदमाश को गोली लगी, जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया।
थाना दादरी पुलिस खंडेरा जाने वाले रास्ते पर नहर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आए। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया। वे नहीं रुके और भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया। घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की।



घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के गंगेरुआ निवासी चांद मोहम्मद के रूप में हुई। दूसरा बदमाश दादरी के कठहेरा रोड निवासी अमन है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है।
बदमाशों से दो अवैध तमंचे .315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। ये दोनों शातिर ट्रांसफॉर्मर चोर हैं। इन्होंने दादरी और आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर को नुकसान पहुंचाकर तेल और उपकरण चोरी किए हैं। दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## नोएडा में सोसाइटी में बच्ची पर गिरा पत्थर

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी में शनिवार को हादसा हो गया। यहां एक बच्ची के सिर पर पत्थर का टुकड़ा गिरा। पत्थर का टुकड़ा 25वीं मंजिल से टूटकर गिरा। पत्थर बच्ची के सीधे सिर पर गिरा। जिससे उसे गंभीर चोट लगी। वहां मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जब बच्ची अस्पताल पहुंची उसे सिर से काफी खून निकल रहा था। डॉक्टर ने बच्ची को एडमिट किया और सिर में 10 टांके लगाए। उसे इलाज के लिए कैलाश अस्पताल रेफर किया गया। बच्ची की हालत अब ठीक है। बच्ची का नाम अद्विका पाटनी उम्र महज 12 साल है। इसी सोसाइटी में परिवार के साथ रहती है। बच्ची शनिवार को ट्यूशन से घर लौट रही थी। इस दौरान कॉमन एरिया में इमारत की 25वें फ्लोर से पत्थर का एक टुकड़ा नीचे गिरा जो सीधे बच्ची के सिर में लगा। जिससे बच्ची वहीं गिर गई। आसपास के लोगों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी और नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंची। बच्ची सिर में 10 टांके आए है। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रबंधन की ओर से घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार प्रबंधन से इसकी शिकायत कर चुके है। लेकिन निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# नोएडा में टर्न ओवर का झांसा देकर 15.86 करोड़ ठगे

- कोर्ट के आदेश पर तीन पर मुकदमा, 34 बार में फर्जी कंपनी में ट्रांसफर कराई

**नोएडा।** कंपनी का टर्न ओवर बढ़वाने का झांसा देकर 15.86 करोड़ रुपए ठगने का सामने आया है। कंपनी के मालिक ने तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-113 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### आठ करोड़ का है टर्न ओवर

सेक्टर-73 निवासी जिले यादव ने कोर्ट में दी याचिका में बताया कि उनकी 2017 से डमैक इंफ्रा एलएलपी नाम से कंपनी है। आफिस सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव में है। कंपनी दिल्ली-एनसीआर में निर्माण का कार्य करती है।
इसका साला टर्न-ओवर सात से आठ करोड़ रुपए का है। पीड़ित के मुताबिक दिल्ली के अशोक विहार फेज-वन निवासी सुचित सिंघल दिसंबर 2023 में उनके पास आए। उन्होंने राजस्थान के गंगानगर के रहने वाले अपने मित्र सुमित अग्रवाल और पुनीत अग्रवाल से मिलवाया।

### एनएचएआई में ठेका दिलाने का वायदा

तीनों ने जिले यादव को आश्वासन दिया कि वह उनकी कंपनी का टर्नओवर बढ़वा सकते हैं। वह शासन स्तर से एनएचएआई समेत अन्य विभागों का सरकारी ठेका दिलवा देंगे।
सुमित और पुनीत ने उन्हें बताया कि उनक एफएफ कावुड प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी दिल्ली में है। मार्च 2024 को सुमित और पुनीत ने कहा कि उनके परिचित की कंपनी से सड़क निर्माण और लोहे का सामान मिल रहा है। अगर वह उसे बाजार में बेचेंगे तो मोटा मुनाफा होगा। आरोपियों ने उन्हें विश्वास में ले लिया।
तीनों ने मिलकर कावुड प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी कंपनी के बैंक खाते में कुल 34 बार में मार्च 2024 से जुलाई 2024 के बीच 15 करोड़ 85 लाख 76 हजार 999 रुपए ट्रांसफर करा लिए। काफी समय बीतने के बाद भी आरोपियों ने रुपए वापस नहीं किए।

## पंचायत में समझौते के दौरान युवक पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पंचायत के दौरान युवक पर हमला हुआ। अट्टा फतेहपुर गांव में 15 अगस्त को यह घटना हुई। पड़ोसियों ने तमंचे की बट और डंडों से हमला किया। पीड़ित की मां मुफीदा ने बताया कि उनके बेटे फिरोज का पड़ोसी रजुआ से विवाद था। गांव के लोग दोनों पक्षों का समझौता करा रहे थे। इसी दौरान आरोपी पक्ष ने पूर्व योजना के तहत फिरोज पर हमला कर दिया। हमले में फिरोज की आंख समेत शरीर के कई हिस्सों में चोट आई। उसे ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। पुलिस ने रजुआ, साहिल, अशरफ, अकरम, गुल्लू, नूरहसन समेत 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि एक आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# नकली नाम से कैब चला रहा था आरोपी चालक

## कार से बरामद हुए दो आधार कार्ड, नोएडा में परिवार को घुमाने का वीडियो हुआ था वायरल

**नोएडा।** नोएडा में जिस कैब चालक ने परिवार को बंधक बनाकर रोड पर घुमाया। पुलिस को जांच में सामने आया कि आरोपी का असली नाम नासिम है। वह लोगों को धोखा देने के लिए बुकिंग ऐप में अपना नाम सोनू बताता है। यही नहीं उसने इसके लिए अलग-अलग नाम से दो आधार कार्ड बनवा रखे हैं। दोनों आधार कार्ड उसकी कार से बरामद हुए हैं। पुलिस ने 29,250 रुपए का ई-चालान भी किया है। मामले में कार को सीज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




### दूसरे नाम से लेता था बुकिंग


डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी वैगनआर कार एचआर38एजी 7067 ऑनलाइन बुकिंग ऐप में चलाता है। लोगों से छल करने के लिए करने की लिए अपना नाम सोनू बताता है। जबकि उसका असली नाम नासिम है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास सेक्टर-119 से ऑनलाइन बुकिंग आई। जिन्हें पिकअप किया व गाड़ी में बैठे परिवार के सदस्यों को पर्थला गोलचक्कर के आगे बंधक बनाकर निर्धारित रास्ते से हटकर अन्य रास्ते पर कार ले गया। परिवार के सदस्यों ने वीडियो बनाया और जोर जोर चिल्लाने लगे। जिससे आरोपी डरा और उन्हें टीपीनगर चौराहे पर ही छोड़कर भाग गया। इसकी कार से दो आधार कार्ड भी बरामद किए गए। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### वीडियो हुआ था वायरल

सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए। इनमें एक 59 सेकेंड और दूसरा एक मिनट 13 सेकेंड का है। वीडियो में महिला कह रही हैं कि भैया आगे जाकर प्रॉब्लम हो जाएगी हमको, बच्चा है मेरे साथ भाई, कैब चालक कहता है कि वह उन्हें सुरक्षित घर पहुंचा देगा। भैया प्लीज रोक लो, महिला का पति बोला भैया रोक लो न यार, भैया बात नहीं समझ रहे हो वो पीछे हैं, पुलिस से आप बच नहीं पाओगे, वो जाने नहीं देंगे तुम्हें। भाई समझा करो मैं पैसे दे दूंगा तुमको। मैं बात कर लूंगा पुलिस से तुम रुक जाओ यार। मत कर बच्चे हैं साथ में। चालक के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

# सहारनपुर में युवक की गला रेतकर हत्या

## घर के बाहर दिखे खून के धब्बे, कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला शव




**सहारनपुर।** सहारनपुर में एक युवक का शव उसी के घर में चारपाई पर पड़ा मिला है। युवक के गले पर धारदार हथियार से हमला किया है। युवक के गले से खून के फव्वारे छूट रहे थे। युवक के पिता ने बेटे के शव को देखा। बेटे के शव को देखते ही पूरे परिवार गहरे सदमें में जला गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक की टीम ने सैंपल उठाए है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मामला थाना नकुड क्षेत्र का है। नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव संपला बेगमपुर में रविवार को अंकित वाल्मीकि (25) का शव खून से लथपथ शव उसके ही घर के कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से गहरे घाव के निशान पाए गए हैं।

परिजनों के मुताबिक, अंकित शनिवार रात अपने चाचा के लड़के अतुल के साथ मकान की छत पर सोया था। लेकिन रविवार सुबह करीब चार बजे जब पिता अशोक की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि अंकित का शव नीचे कमरे में पड़ा है और खून से सना हुआ है। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया।

### हत्या कहीं और की गई

परिवार का कहना है कि घर के बाहर सड़क पर भी खून के धब्बे मिले हैं। इससे साफ है कि वारदात कहीं और हुई और बाद में शव को कमरे में लाकर रखा गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ नकुड़ एसएन वैभव पांडे और कोतवाली प्रभारी अविनाश गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या के कारणों और घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है। सीओ एसएन वैभव पांडे ने बताया कि मामले में जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रोजेक्ट नई किरण ने दो परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 02 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 02 परिवार खुशी – खुशी साथ –साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 06 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है । इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ. दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डॉ. एस. पी.पाठक, डॉ.संजीव शर्मा, एड. अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी सिमरन आदि का विशेष सहयोग रहा ।

# मां-बेटी को 45 बार चाकू से गोदा

**बदायूं।** बदायूं में मां-बेटी की हत्या का खुलासा हो गया है। हत्यारा युवती का मौसेरा भाई निकला। उसने मौसेरी बहन से दो लाख रुपए उधार मांगे थे। मना करने पर वह गुस्से में था। उसने अपनी मौसी के घर में चोरी की योजना बनाई, लेकिन सफल नहीं हो सका।

मां-बेटी ने आरोपी को चोरी करते देख लिया, इसलिए उन्हें मार डाला था। आरोपी ने मौसी पर 22 बार और बहन पर 23 बार चाकू से हमला किया था। दोनों के शरीर चाकू के हमले से छलनी हो गए थे।

पुलिस ने मुख्य आरोपी के दो सगे भाइयों को भी पकड़ा है। इन लोगों को कत्ल वाली रात में ही सच्चाई का पता लग गया था, लेकिन वो अपने भाई को बचाने में लगे रहे। एसएसपी डॉ. ब्रजेश सिंह ने पुलिस लाइन में तीनों आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया।

### परिजनों ने पहले ही भांजे विपिन पर जताया था शक

मामला दातागंज कोतवाली क्षेत्र के वीरमपुर गांव का है। 14 अगस्त को गांव की रहने वाली शांति देवी (75) और उनकी बेटी जयंती (32) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। दोनों का शव घर में खून से लथपथ मिले थे। परिजनों ने वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव रोहटा निवासी संजीव, पिंकू, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, कव्वाली और भांजे चितरी थाना हजरतपुर निवासी विपिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

# कानपुर में हॉस्पिटल के टॉयलेट में मिली नर्स की लाश

## सीट पर पड़े थे इंजेक्शन और नशे की दवाएं, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला

**कानपुर।** कानपुर में हॉस्पिटल के बाथरूम में नर्स की लाश मिली। काफी समय तक जब बाथरूम का दरवाजा नहीं खुला, तो साथ के लोगों ने खटखटाया। अंदर से कोई रिस्पॉन्स न आने पर अस्पताल के मालिक को शक हुआ। उन्होंने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो टॉयलेट की सीट पर नर्स की लाश पड़ी थी। वो बेहोश की हालत में थी। डॉक्टरों ने उसकी नस चेक, तो पता चला कि उसकी मौत हो गई चुकी है।

लाश के पास कुछ इंजेक्शन और नशे की दवा मिली है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। उन्होंने मौके की एरिया को सील कर दिया। वहां से साक्ष्य एकत्र किए। अस्पताल के मालिक से सारी सीसीटीवी फुटेज मांगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आशंका है कि नर्स ने सुसाइड किया है। ये मामला नजीराबाद थाना क्षेत्र के लोटस हॉस्पिटल का है।

### बिहार की रहने वाली है लड़की

मूल रूप से बिहार की रहने वाली चांदनी (22) पुत्री बिसमिल्लाह कानपुर के लोटस हॉस्पिटल में नर्स का काम करती थी। चांदनी जब 5 साल की थी, तभी वह आवास विकास कल्याणपुर निवासी लक्ष्मी गुप्ता और उनके पति अशोक गुप्ता के पास आकर रहने लगी थी। लक्ष्मी भी उसी हॉस्पिटल में नर्स का काम करती है। लक्ष्मी ने चांदनी को पालापोषा और उसे नर्स की पढ़ाई पढ़ाने के बाद अपने साथ हॉस्पिटल में लगा लिया।

### सुबह शिफ्ट बदलते समय लोगों को पता चला

रोज की तरह आज सुबह भी जब शिफ्ट चेंज हो रही थी, तो सभी लोग चांदनी को ढूंढने लगे, तभी किसी ने बाथरूम का गेट खटखटाया तो अंदर से बंद था। काफी देर तक जब कोई आवाज नहीं आई तो स्टाफ ने फिर डॉक्टरों को इसकी सूचना दी। नजीराबाद इंस्पेक्टर राज केसर सिंह ने बताया कि लक्ष्मी के पास चांदनी कब से है, कैसे वो यहां आई, इसके माता पिता बिहार में कहा रहते है। इन सभी चीजों का पता लगाया जा रहा है। चांदनी ने खुदकुशी क्यों कि इसकी भी जानकारी की जा रही हैं। फिलहाल लक्ष्मी और उसके पति अशोक से पूछताछ की जाएगी, ताकि कुछ पता चल सकेगा।

# भीटी थाने पर धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

- इंस्पेक्टर भीटी ने की पूजा-अर्चना, झूमे श्रद्धालु
- पुलिस-जन संवाद का बना अनोखा उदाहरण : डीएसपी

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी





**अंबेडकरनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे जनपद में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा तथा प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व में भीटी कोतवाली प्रांगण में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की ।पूजा कार्यक्रम में न केवल पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए,बल्कि स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि,मीडिया तथा गणमान्य लोग भी ने भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पुलिस और जनता की संयुक्त उपस्थिति ने पर्व को और अधिक विशेष बना दिया ।उपनिरीक्षक अमित कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक लव ध्वज, उपनिरीक्षक रोहित कुमार राय सहित तमाम पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि पुलिस का इस तरह धार्मिक आयोजनों में जनता के साथ जुड़ना एक सकारात्मक पहल है ।इससे जहां पुलिस-जन संवाद मजबूत होता है, वहीं आपसी सद्भाव और सामाजिक एकजुटता का संदेश भी जाता है ।पूरी कोतवाली भीटी भक्तिरस और उल्लास से सराबोर रही।

जन्माष्टमी पर्व ने यह संदेश दिया कि कान्हा की भक्ति न केवल धर्म, बल्कि समाज को भी जोड़ने का कार्य करती है।

इस दौरान शुक्ला जागरण संगीत समिति समिति ने भक्ति रस से सराबोर गानों से समा बांध दिया और उपस्थित जनसमूह भक्ति रस में डूब गया।

## युवक ने सांप को हाथ में दबोचकर मार डाला

**ललितपुर।** यूपी के ललितपुर से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां बिस्तर में छिपा सांप युवक पर गिरा। तभी उसने सांप के फन को अपने बाएं हाथ से पकड़ लिया। लेकिन युवक इतना डर गया था कि वह जमीन पर गिर पड़ा। युवक रोता रहा, लेकिन सांप को नहीं छोड़ा। करीब 30 मिनट तक उसने सांप को दबोचे रखा। इससे सांप की मौत हो गई। जिसने भी यह दृश्य देखा, वही दंग रह गया। परिजन रोने-बिलखने लगे। जब सांप के शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो परिजनों ने उसके हाथ से छुड़वाया। युवक को परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर गए। जहां युवक कहने लगा- डॉक्टर साहब बचा लो, सांप ने काटा है। हालांकि जांच में स्नेक बाइट की पुष्टि नहीं हुई है। परिजनों की जिद पर डॉक्टर ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूरा मामला मड़ावरा के तिसगना गांव का है।

## झाँसी रेंज के जनपदों को मिले कई पदक



**ललितपुर।** झांसी रेंज पुलिस के सभी अधि0/कर्मचारीगण को उनके उल्लेखनीय व सराहनीय सेवाओं व उत्कृष्ट कार्य करने पर पदक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सराहनीय एवं प्रसंशनीय कार्य हेतु किया गया प्रोत्साहित 79 वें स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2025 के शुभ अवसर पर रेंज के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी वीरता और अदम्य साहस, उल्लेखनीय व सराहनीय सेवाओं व उत्कृष्ट कार्य करने पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पुलिस पदक पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सेवा अभिलेख एवं शौर्य के आधार पर उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम एवं सिल्वर) प्रदान किये गये हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी द्वारा अधीनस्थ पदक/प्रशंसा चिन्ह/प्रशस्ति पत्र पाने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनायें दी गयी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सराहनीय एवं प्रसंशनीय कार्य किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पुलिस पदक प्राप्त करने वाले अधि0/कर्मचारीगण की सूची, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक ना0पु0 जनपद झाँसी।

# तांत्रिक ने घर बुलाकर रेप किया, 18 लाख ठगे

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में तांत्रिक ने कनाडा का वीजा दिलाने के नाम पर एक युवती से रेप किया। उसने पहले युवती को पंजाब से निघासन के सिंगाही बुलाया। विश्वास दिलाया कि काली मां की पूजा करोगी, तो आपको वीजा आसानी से मिल जाएगा। बस कुछ पैसे खर्च करने होंगे।

युवती ने अपनी जमीन बेच कर तांत्रिक को 18 लाख रुपए दे दिए, लेकिन उसे वीजा नहीं मिला। बाद में युवती ने पैसे वापस मांगे, तो तांत्रिक ने घर बुलाकर चाय में नशीली दवा मिलाकर रेप किया। अगली सुबह युवती ने इसका विरोध किया। इस पर तांत्रिक ने कहा कि घबराओ नहीं, मैं तुमसे शादी कर लूंगा।

इसके बाद घर में फूलों का हार मंगवाकर जयमाल डाला। कहने लगा कि अब तुम मेरी पत्नी हो, हम साथ रहेंगे। लेकिन, अभी तुम पंजाब जाओ। मैं बाद में तुमको बुला लूंगा। इसके बाद युवती पंजाब चली गई। दोनों फोन पर बात करते रहे।

# स्थापना दिवस पर रामनगरा में विहिप की विशाल जनसभा

## लव जिहाद, धर्मांतरण व हिंदू हितों की रक्षा पर हुआ जोर



**पीलीभीत।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर नेपाल सीमा से सटे रामनगरा में रविवार को विशाल जनसभा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए हिंदू हितों की रक्षा, संगठन की संरचना और हिंदू वीरों के इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि लव जिहाद, धर्मांतरण और लैंड जिहाद जैसे षड्यंत्रों से समाज को सावधान रहना होगा। अनुज कुमार सिंह ने बंगाली समाज की नागरिकता के मुद्दे पर भी स्पष्ट कहा कि जिन परिवारों को नागरिकता मिल गई है, वे अन्य बंधु जिनको अब तक नागरिकता नहीं मिली है, वे 15 दिन के भीतर आवेदन करें।

यदि किसी को इसमें परेशानी आ रही है तो वह विहिप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर हाल में समाज के सभी बंधुओं को नागरिकता दिलाई जाएगी।

जिला सह संयोजक एवं जिला पालक पीलीभीत राहुल ने विश्व हिंदू परिषद की संरचना और बजरंग दल के कार्यों की जानकारी दी। जनसभा के अंत में जिला अध्यक्ष कृष्ण गंगवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन रूम सिंह यादव ने किया ।सभा में पहुंचे जिले व नगर के कार्यकर्ताओं ने अनुज कुमार सिंह को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। बंगाली समाज के प्रमुख लोगों ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रवीण मोहन, जिला संगठन मंत्री ललित, अमन, संगम अग्रवाल, अम्बरीष, महेश, नीरज शुक्ला, मणिकांत, राजू भद्र, संजीव अग्रवाल, मिथिलेश पांडे, पुरेंद्र समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

## शार्ट न्यूज

### पति ने दूसरी शादी की नीयत से विवाहिता को घर से निकाला, पुलिस जांच में जुटी

**दियोरिया।** विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाले जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चकशिवपुरी निवासी खुशालीराम पुत्र बिहारी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी कन्यावती की शादी चार वर्ष पूर्व जिला बरेली के थाना क्योलडिया क्षेत्र के गांव बिहारीपुर नौगमा निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र श्याम बिहारी से की गई थी। शादी में सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। दंपत्ति की एक बच्ची भी है ।तहरीर में कहा गया कि विवाहिता के पड़ोसी गांव जादोपुर पट्टी निवासी मोतीराम और रामलाल, दामाद को दूसरी शादी करने के लिए भड़काते हैं। इसी बहकावे में आकर वीरेंद्र अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज करता है और मारपीट कर घर से निकाल देता है। पीड़िता ने फोन पर अपने पिता को पूरी जानकारी दी ।थाना प्रभारी दिगम्बर सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा मुखबिर की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई

दियोरिया। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी दिगम्बर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पैंतबोजी चौराहे के पास छापा मारा ।इस दौरान गांव निवासी मंगली प्रसाद उर्फ श्रीकृष्ण पुत्र ओमप्रकाश को एक जरीकैन में लगभग दस लीटर कच्ची शराब के साथ दबोच लिया गया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है और आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग

**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर हीरा निवासी रजनीश कुमार पुत्र नन्द किशोर ने बताया कि उनके पिता 25 जुलाई को खेत से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव के पास जय गुरुदेव बारात घर के समीप पुलिया पर पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से तेज गति व लापरवाही से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नन्द किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बीसलपुर भेजा गया, जहां से हालत नाजुक होने पर बरेली के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया ।घटना के बाद रजनीश ने 29 जुलाई को ही पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन करीब 20 दिन बाद अब जाकर पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी दिगम्बर सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

### बच्चों की पढ़ाई में पड़ोसी का डेक बना रोड़ा, विरोध करने पर मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा चतुरहा में कोचिंग पढ़ रहे बच्चों को पड़ोसी के डेक की आवाज से लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़ित रामचन्द्र लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर पर शाम को बच्चों की कोचिंग होती है, लेकिन पड़ोसी भगवत सरन व उसका भाई रामबीर जानबूझकर तेज आवाज में डेक बजाने लगते हैं ।कई बार मना करने के बावजूद दोनों नहीं माने। उल्टा विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट पर उतर आए। हाल ही में पीड़ित सुबह बीसलपुर जाने के लिए घर से निकले, तभी दोनों ने उन्हें देख गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी ।हंगामा सुनकर पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते समय दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली जाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

### हाथरस में छात्रा ने फांसी लगाई

**हाथरस।** हाथरस के कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के गांव गीगला में एक दुखद घटना सामने आई। यहां एक 22 वर्षीय बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुर्गेश उर्फ नंदिनी सादाबाद क्षेत्र के कुरसंडा स्थित डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा थी। परिवार के लोगों के मुताबिक वह पिछले दो साल से लगातार फेल हो रही थी। रविवार को इसी बात को लेकर उसकी मां ने उसे टोका। इस पर मां-बेटी में कहासुनी हो गई। विवाद के बाद नंदिनी ने घर के एक कमरे में जाकर फांसी लगा ली। यह घटना रविवार की शाम 4 बजे के लगभग हुई। परिवार के लोगों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पांच भाई-बहनों में नंदिनी सबसे छोटी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के दाऊदपुर-अमरगढ़ मार्ग पर रविवार को एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। आसपुर देवसरा के बैजलपुर गांव निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा शाम 4 बजे गौरामाफी बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। तेलियानी नहर पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विश्वनाथ की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर दाऊदपुर बाजार की तरफ फरार हो गया। चरवाहों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। आसपुर देवसरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। एसओ धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि मृतक के पुत्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### रोड दुर्घटना में बेटी की मौत, मां घायल

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के पड़री थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। डगमगपुर से बरगवा संपर्क मार्ग पर पूर्वाह्न 3 बजे गिट्टी से भरे 22 चक्का हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 12 वर्षीय शिखा की मौके पर मौत हो गई। घटना में शिखा की मां भगवन्ती देवी (34) गंभीर रूप से घायल हो गई ।बाइक चला रहे मामा लाला (रामनंदन के पुत्र) बाल-बाल बच गए। तीनों तेंदुआ कला गांव से चुनार स्थित बहरामागंज अपने बहन को पहुंचाने बाइक से बहन के घर जा रहे थे। शिखा अपनी मां के साथ रक्षाबंधन पर अपने मां के साथ तेंदुआ कला आई थी ।

# राज्यमंत्री ने विधानसभा में रखा विकसित भारत का विजन

## सभी वर्गों के कल्याण के लिए सरकार कर रही है कार्य



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज विधानसभा मानसून सत्र में सरकार की 2047 तक विकसित भारत का विजन रखा और इसके लिए प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने विधानसभा सत्र में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिये गये समय के अंतर्गत विकसित भारत के संबंध में अपने विभाग की उपलब्धियों एवं विकासपरक योजनाओं की विस्तार से मा0 सदस्यों को जानकारी दी। स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ तक भारत को पूर्णरूप से विकसित राष्ट्र बनाने के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सरकार का दृष्टिकोण को परिभाषित किया । उन्होंने कहा कि विकसित भारत का दृष्टिकोण चार स्तंभों पर आधारित है जिसमें युवा, गरीब, महिलाएं एवं अन्नदाता किसान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक जब भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा तब उत्तर प्रदेश भी विकसित प्रदेश के रूप में तैयार होगा।

उन्होंने दो पंक्तियों के साथ अपने भाषण को बढ़ाते हुए कहा कि, 'अब हवाएं ही करेंगी रोशनी का फैसला। जिस दिये में जान होगी, वो दिया ही रह जाएगा'। देश-प्रदेश में गन्ना विकास की चर्चा करते हुये कहा क्षेत्र में गन्ना का क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास में गन्ने की खेती और चीनी मिलों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि गन्ना प्रदेश के लगभग 46 लाख गन्ना किसान परिवारों के लिए आजीविका का मुख्य स्त्रोत है।

उन्होंने मा0 सदस्यों को बताया कि विगत पेराई सत्र 2023-2 में कुल देय का 99.90 प्रतिशत गन्ना भुगतान किया जा चुका है। और वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में देय गन्ना मूल्य 34945.72 करोड़ के सापेक्ष 31614.68 करोड़ का भुगतान अब तक किया चुका है जो कुल देय का 90.46 प्रतिशत है। शेष भुगतान की प्रक्रिया गतिमान है।

उन्होंने सामाजिक सशक्तिकरण एवं किसान कल्याण की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होनें महिल सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी पटल पर रखा। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने तकनीकि उन्नति पर्यावरणीय स्थिरता, डिजिटल परिवर्तन, जल दक्षता और जलवायु लचीलापन सहित अन्य समावेशी योजनाओं के बारे विस्तार से चर्चा की।

# एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

## आगामी त्योहार में पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दिये निर्देश



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी । सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी । आगामी त्यौहार( गणेश उत्सव, जलबिहार आदि) के दृष्टिगत जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। त्योहार पर निकलने वाले जुलूस में बाक्स फार्मेशन में ड्यूटियां लगाने हेतु व बिजली के तारों को चैक करने व एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड की मौजूदगी हेतु निर्देशित किया गया ।गणेश उत्सव के दृष्टिगत विसर्जन स्थलों पर गोताखोर व पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी आसमान में शान से लहराया तिरंगा

**सिएटल, एजेंसी।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सिएटल में स्थित स्पेस नीडल के ऊपर भारतीय ध्वज फहराया गया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत, सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल और सिएटल शहर के अन्य चुनिंदा गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अमेरिका के आसमान में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना हर भारतीय को गर्व से भर गया।

### मैक्सिको और ग्वाटेमाला के राष्ट्राध्यक्षों की पहली मुलाकात, सीमा सुरक्षा और तस्करी पर चर्चा

**मैक्सिको, एजेंसी।** मैक्सिको और ग्वाटेमाला के राष्ट्रपतियों की पहली आमने-सामने की मुलाकात शुक्रवार को हुई, जिसमें दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की बात कही। यह बैठक ग्वाटेमाला के उत्तरी पेटेन क्षेत्र में हुई, जहां दोनों नेताओं ने प्रवास, कानून व्यवस्था और आर्थिक विकास पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। मुलाकात का सबसे अहम मुद्दा था मैक्सिकन सरकार की विवादित माया ट्रेन परियोजना को ग्वाटेमाला और बेलीज तक बढ़ाने का प्रस्ताव। माया ट्रेन मैक्सिको के दक्षिणी हिस्से में चल रही एक मेगा परियोजना है, जिसका मकसद जंगल और ग्रामीण इलाकों को जोड़ना है। हालांकि, इस परियोजना को लेकर काफी विवाद रहा है क्योंकि यह कई संवेदनशील जंगलों और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचा चुकी है।

### पेरू के ट्रुजिलो शहर में धमाका, 10 लोग घायल, 25 घरों को नुकसान

**ट्रुजिलो, एजेंसी।** पेरू के उत्तरी इलाके ट्रुजिलो में गुरुवार रात एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोग घायल हो गए और 25 घरों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों के मुताबिक, यह धमाका संगठित अपराध और फिरौती वसूलने वाले गिरोहों के आपसी झगड़े से जुड़ा हो सकता है। पेरू के गृह मंत्री कार्लोस मालेवर ने शुक्रवार को बताया कि यह धमाका अपराधी गिरोहों के बीच चल रहे विवाद का नतीजा हो सकता है। त्रुजिल्लो शहर में पिछले कुछ वर्षों में फिरौती और जबरन वसूली जैसे अपराधों में तेजी आई है।धमाके के कारण इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय आपातकालीन सेवा एजेंसी के अनुसार, घायलों को जलने और कटने जैसे गंभीर जख्म आए हैं, हालांकि उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है।

### सीएटल में ज्वेलरी शॉप में 90 सेकंड में 2 मिलियन डॉलर की चोरी

**सीएटल, एजेंसी।** सीएटल के वेस्ट एरिया में दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शॉप में चार नकाबपोश चोरों ने सिर्फ 90 सेकंड में बड़ी चोरी को अंजाम दिया। चोर लगभग 20 लाख डॉलर (करीब 16 करोड़ रुपये) के हीरे, लग्जरी घड़ियां, सोना और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार को हुई। दुकान की सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि चोरों ने पहले हथौड़ों से दुकान का लॉक लगा कांच का दरवाजा तोड़ा और फिर छह डिस्प्ले केस को लूट लिया। इनमें से एक केस में करीब 7.5 लाख डॉलर (करीब 6 करोड़ रुपये) की रोलेक्स घड़ियां थीं और दूसरे में 1.25 लाख डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपये) की एक पन्ना (एमराल्ड) की हार रखी थी। एक चोर ने स्टाफ को बेयर स्प्रे और टेजर (बिजली का झटका देने वाला हथियार) दिखाकर धमकाया, हालांकि किसी को चोट नहीं आई। दुकान के वाइस प्रेसिडेंट जोश मेनाशे ने बताया कि हम सब इस घटना से काफी सदमे में हैं। फिलहाल दुकान कुछ समय के लिए बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि स्टाफ ने कांच साफ कर दिया है और अब सामान की पूरी लिस्ट बनाई जा रही है ताकि नुकसान का अंदाजा लगाया जा सके। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चोर पहले ही एक गाड़ी में बैठकर भाग चुके थे और आसपास की तलाशी में भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रम्प-पुतिन के बीच 3 घंटे बैठक, कोई डील नहीं हुई

## दोनों 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रवाना हुए

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा।ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि मीटिंग के बाद वाशिंगटन लौटते समय ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बातचीत की। हालांकि, जेलेंस्की ने ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

### ट्रम्प-पुतिन प्रेस ब्रीफिंग की अहम बातें:

ट्रम्प-पुतिन में 3 घंटे क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी नहीं।
12 मिनट चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने किसी पत्रकार के सवाल का जवाब नहीं दिया।
ट्रम्प ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही, लेकिन अभी कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ।
पुतिन ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए उसकी असल वजह को खत्म करना जरूरी।
पुतिन ने कहा कि अगर 2022 में ट्रम्प राष्ट्रपति होते, तो यूक्रेन युद्ध नहीं होता।
व्हाइट हाउस ने ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात को बेहतरीन बताया
व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्रम्प के हवाले से लिखा- हमने आज बेहतरीन प्रगति की, हमारी बैठक बेहद उपयोगी रही और कई चीजों पर सहमति बनी।
ट्रम्प ने कैदियों की रिहाई पर कदम उठाने की बात कही

ट्रम्प ने अब फॉक्स न्यूज को बताया कि एक समझौता होने वाला है, और इसमें कैदियों की अदला-बदली भी शामिल हो सकती है। ट्रम्प कहते हैं, 'मैं 50/50 कहता हूं, क्योंकि बहुत सी चींजे हो सकती हैं। लेकिन मुझे लगता है कि राष्ट्रपति पुतिन समस्या का समाधान करना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा कि कैदियों के अदला-बदली की दिशा में प्रगति हो रही है। ट्रम्प बोले, 'आज उन्होंने मुझे एक किताब दी जिसमें हजारों कैदी के बारे में बताया गया है। हजारों कैदी, जिन्हें रिहा किया जाएगा।' फॉक्स न्यूज के सवाल पर कि क्या इस समझौते पर आज सहमति बन गई। इसपर ट्रम्प ने कहा कि यह अभी भी पेंडिंग है। ट्रम्प ने कहा, 'ठीक है, उन्हें इसे स्वीकार करना ही होगा।' हालांकि, ट्रम्प ने ये नहीं बताया कि यह किताब उन्हें किसने भेंट की, और कैदी रूसी थे या यूक्रेनी।

ट्रम्प ने पुतिन के साथ सहमति नहीं बन पाने का कारण बताने से इनकार कर दिया। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है कि पुतिन इसे पूरा होते देखना चाहते हैं। हालांकि, एक बड़ी बात पर सहमत होने से उन्होंने मना कर दिया। ट्रम्प ने बताया कि पुतिन ने ये बात मानी की अगर जंग के समय वो राष्ट्रपति होते तो ये जंग कभी होती ही नहीं। ट्रम्प ने कहा, 'यह युद्ध कभी नहीं होना चाहिए था। आप जानते हैं कि बहुत सारे युद्ध कभी नहीं होने चाहिए थे। ये बेवकूफी भरी बातें होती हैं।' ट्रम्प ने रूस के हमले को न रोक पाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को दोषी ठहराया।

ट्रम्प ने पुतिन से उनकी मुलाकात के बाद फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारे बीच आज 'बहुत अच्छी बैठक' हुई। यह पूछे जाने पर कि पुतिन के साथ मीटिंग में कैसा माहौल था, इसपर ट्रम्प ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनके संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। उन्होंने कहा- देखते हैं आगे क्या होता है। ट्रम्प बोले- मैं चाहता हूं कि लोग मरना बंद करें।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने यूक्रेन और रूस में जंग के कारण बच्चों की खराब हालात पर एक लेटर लिखा है। ट्रम्प ने ये लेटर मुलाकात के दौरान पुतिन को सौंपा। अमेरिका के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार 2022 से अब तक रूस में 2 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। वहीं, यूक्रेन में ये आंकड़ा 3 लाख से ज्यादा हैं।

# माया जंगल की रक्षा के लिए तीन देशों में समझौता, दुनिया के फेफड़े माने जाते हैं वर्षा वन

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको, ग्वाटेमाला और बेलीज के नेताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे माया वर्षावनों की रक्षा के लिए एक त्रि-राष्ट्रीय प्राकृतिक आरक्षित क्षेत्र बना रहे हैं। इस बैठक में माया वन क्षेत्र में मेक्सिको रेल लाइन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। पेड़ों की कटाई के चलते इस रेल लाइन प्रोजेक्ट की आलोचना हो रही है।

माया वर्षा वन आरक्षित क्षेत्र दक्षिणी मेक्सिको और ग्वाटेमाला और बेलीज के उत्तरी भागों के जंगली इलाकों में फैला होगा, जिसका क्षेत्रफल 1.40 करोड़ एकड़ से ज्यादा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने इस कदम को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे लैटिन अमेरिका में अमेजन वर्षावन के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति आरक्षित क्षेत्र बनेगा, जो दुनिया के लिए फेफड़े का काम करेगा और इससे प्रदूषण पर लगाम लगेगी।

ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो और बेलीज के प्रधानमंत्री जॉनी ब्रिसेनो के साथ समझौते पर हस्ताक्षर के बाद मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा, यह पृथ्वी के फेफड़ों में से एक है, हजारों प्रजातियों का घर है जिसकी एक अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है। हमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए संरक्षित करना चाहिए।




**रेल लाइन प्रोजेक्ट पर विवाद :** तीनों देशों के नेताओं ने मेक्सिको द्वारा दक्षिणी मेक्सिको से ग्वाटेमाला और बेलीज तक बनाए जा रहे माया ट्रेन प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। करीब हजार मील लंबी यह रेलगाड़ी वर्तमान में मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप तक चलती है, और इसका निर्माण मेक्सिको के लोकप्रिय रिसॉर्ट्स को ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर जंगलों और माया पुरातात्विक स्थलों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया था। हालांकि इस पर खूब विवाद हुआ क्योंकि इस प्रोजेक्ट के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए और अनुमान है कि बीते चार वर्षों में इस प्रोजेक्ट के लिए 70 लाख पेड़ काटे गए हैं। साथ ही इस प्रोजेक्ट के चलते माया वन में संरक्षित क्षेत्रों को भी नुकसान पहुंचा।

मेक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम भी इस प्रोजेक्ट के समर्थन में हैं, लेकिन ग्वाटेमाला की सरकार ने साफ कर दिया है कि वे संरक्षित वन क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं देंगे। ऐसे में बीच का रास्ता निकालने पर चर्चा हो रही है, जिसके तहत कोशिश की जा रही है कि रेल लाइन प्रोजेक्ट से वनक्षेत्र को कम नुकसान पहुंचे।

# कोलंबिया से तनाव के बीच पेरू की राष्ट्रपति पहुंची अमेजन नदी द्वीप, क्षेत्र पर बताया अपने देश का अधिकार

**लीमा, एजेंसी।** हाल ही में कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सांता रोसा द्वीप पर पेरू के अधिकार क्षेत्र को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद पेरू की राष्ट्रपति द्वीप पर पहुंची। यहां सुरक्षा बल प्रमुखों और संसद सदस्यों ने बोलुआर्टे और कैबिनेट मंत्रियों का स्वागत किया। जहां उन्होंने पेरू का राष्ट्रगान गाया और लोगों ने लाल और सफेद झंडे लहराए।

बोलुआर्टे ने कहा कि पिछले कई दिनों से ऐसी अस्वीकार्य गतिविधियां हो रही हैं जो हमारे दोनों देशों और सीमावर्ती समुदायों को जोड़ने वाले भाईचारे को प्रभावित कर रही हैं। पेरू की संप्रभुता पर कोई विवाद नहीं है। सांता रोसा डे लोरेटो पेरू का है और रहेगा। मंगलवार को पड़ोसी देशों के बीच तनाव तब और बढ़ गया जब पेरू पुलिस ने द्वीप पर भूमि सर्वेक्षण का काम कर रहे तीन कोलंबियाई लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोलंबिया सरकार ने गुरुवार को इन लोगों की तत्काल रिहाई की मांग की, क्योंकि पेरू के एक न्यायाधीश ने इनमें से एक व्यक्ति को रिहा कर दिया, जबकि अन्य दो को सात दिनों तक जेल में रहने का आदेश दिया। कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो ने इन गिरफ्तारियों को अपहरण बताया है। उनकी सरकार ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए लोग एक भूमि सर्वेक्षक और एक नाव चालक कोलंबियाई सीमावर्ती शहर लेटिसिया में एक घाट के विस्तार के लिए जल निकायों की गहराई मापने का अध्ययन कर रहे थे। पेरू के अधिकारियों ने कहा कि मजदूरों को यह माप करने का अधिकार नहीं था।

पांच अगस्त को पेट्रो के सांता रोसा द्वीप पर पेरू के अधिकार क्षेत्र से इनकार किए जाने के बाद से दोनों कोलंबियाई नागरिकों की गिरफ्तारी इस क्षेत्र में तीसरी घटना है। दो दिन बाद एक कोलंबियाई सैन्य विमान द्वीप के ऊपर से उड़ा और सोमवार को कोलंबियाई शहर मेडेलिन के पूर्व मेयर डैनियल क्विंटेरो ने वहाँ कोलंबियाई झंडा फहराया।

# मैक्सिको दौरे पर जाएंगे कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी, मैक्सिकन राष्ट्रपति शीनबाम से करेंगे मुलाकात

**टोरंटो, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सितंबर में मैक्सिको की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरान कार्नी राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से मुलाकात करेंगे। यह बैठक अमेरिकी टैरिफ विवाद और 2020 के यूएसएमसीए ट्रेड डील की आगामी समीक्षा के मद्देनजर अहम मानी जा रही है।






अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीति के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले महीने सितंबर में मैक्सिको की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वे मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से मुलाकात करेंगे। इस बात की जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को दी, हालांकि उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी साझा की। यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब अमेरिका के पड़ोसी देश कनाडा और मैक्सिको अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) से जूझ रहे हैं और अगले साल यूएसएमसीए फ्री ट्रेड डील की समीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता (यूएसएमसीए) 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में लागू हुआ था।

**समझिए टैरिफ का कनाडा और मैक्सिको पर असर**

बता दें कि यूएसएमसीए समझौते के तहत जो वस्तुएं इस व्यापार समझौते के नियमों को पूरा करती हैं, उन पर अमेरिका का टैरिफ लागू नहीं होता। लेकिन ट्रंप ने कुछ खास क्षेत्रों के लिए अलग टैरिफ लगा रखे हैं, जिन्हें 232 टैरिफ कहा जाता है। इन टैरिफ के तहत स्टील और एल्यूमिनियम पर 50त्न शुल्क और ऑटोमोबाइल्स (गाड़ियों) पर 25त्न शुल्क लगाया गया है। इन टैरिफ का असर कनाडा और मैक्सिको दोनों देशों पर पड़ा है।

**मैक्सिको के साथ व्यापार संबंध मजबूत करने की कोशिश**

अपने मैक्सिको दौरे से पहले प्रधानमंत्री कार्नी पहले ही अपने विदेश मंत्री और वित्त मंत्री को क्लाउडिया शीनबाम से मिलने मैक्सिको भेज चुके हैं ताकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते और मजबूत हो सकें। इसके जवाब में राष्ट्रपति शीनबाम ने जून में कनाडा का दौरा किया था, जब त्न7 सम्मेलन कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित हुआ था।

# हिलेरी क्लिंटन इस शर्त पर करेंगी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने चौंकाने वाला ऐलान किया है। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने की वकालत की है! लेकिन एक शर्त के साथ। उन्होंने कहा है कि अगर वे यूक्रेन के किसी भी क्षेत्र को बिना रूस को सौंपे सीजफायर करा देते हैं तो बेझिझक उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट कर देंगी। हिलेरी क्लिंटन ने यह टिप्पणी अलास्का के एंकोरेज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक से कुछ घंटे पहले रेजिंग मॉडरेट्स में बात करते हुए कही। उन्होंने कहा, ÷अगर ट्रंप वास्तव में इस भयानक युद्ध का अंत यूक्रेन की भौगोलिक स्थिति में बिना बदलाव के करा सकें तो निश्चित तौर पर उनका नाम मैं नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित कर सकती हूं।÷

क्लिंटन ने कहा कि ट्रंप किसी मित्र से नहीं बल्कि ऐसे विरोधी से मिल रहे हैं, जो अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन का विनाश देखना चाहता है। हिलेरी क्लिंटन और डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंदी रहे हैं। दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से शुरू हुई थी। उस चुनाव में ट्रंप ने हिलेरी क्लिंटन को हराया था। उस चुनाव प्रचार के दौरान क्लिंटन ने पुतिन जैसे सत्तावादी नेताओं के प्रति ट्रंप की प्रशंसा की खासी निंदा की थी। ट्रंप ने भी चुनाव प्रचार के दौरान क्लिंटन का मजाक उड़ाया था और विदेश मंत्री के रूप में उनके कार्य पर सवाल उठाए थे।





राजनीतिक मतभेद के बावजूद हिलेरी क्लिटंन का रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की स्थिति में ट्रंप को नोबेल के लिए समर्थन का वादा दिखाता है कि इसमें वह अमेरिका की जीत देखती हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का वादा किया है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि युद्ध समाप्त करने की रूस की शर्त यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों पर दावा और पश्चिमी प्रतिबंधों की समाप्ति है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने किसी भी क्षेत्रीय रियायत को दृढ़ता से अस्वीकार कर दिया है। ऐसे में रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम आसान नहीं होने वाला है। शुक्रवार को अलास्का में हुए शिखर सम्मेलन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही और हम यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के करीब पहुंच गए हैं। लेकिन, तत्काल युद्धविराम की घोषणा नहीं की गई। फॉक्स न्यूज से बातचीत में ट्रंप ने किसी ठोस समझौते से इनकार करते हुए कहा कि हमारी बैठक बहुत अच्छी रही। ट्रंप ने कहा कि वह बैठक से संबंधित बातचीत की चर्चा यूरोपीय नेताओं से भी करेंगे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी बैठक को रचनात्मक और सम्मानजनक बताया।

# पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने जेलेंस्की को किया कॉल, यूक्रेन के प्रेसिडेंट को तुरंत अमेरिका बुलाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मीटिंग खत्म होने के कुछ ही देर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को फोन किया। उन्होंने शनिवार को पुतिन के साथ हुई अहम शिखर वार्ता की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें तुरंत अमेरिका आने के लिए कहा है। आपको बता दें कि जेलेंस्की की पिछला अमेरिका दौरा काफी खराब रहा था। वह बैठक बीच में ही छोड़कर निकल गए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार जेलेंस्की जल्द ही फिर वॉशिंगटन की यात्रा पर जा सकते हैं।



सूत्रों के मुताबिक जेलेंस्की का 18 अगस्त के ही अमेरिका जा सकता है। माना जा रहा है कि इस यात्रा का एजेंडा यूक्रेन युद्ध, अमेरिकी सहयोग और रूस पर दबाव बनाने की रणनीति होगा। आपको बता दें कि ट्रंप और पुतिन की मुलाकात अलास्का में आज ही हुई है, लेकिन वार्ता के बाद किसी ठोस समझौते का ऐलान नहीं किया गया।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई। शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा।

**21 अगस्त तर भारी बारिश की संभावना :** पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी।



**एक दिन के शोक की घोषणा :** खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकॉप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए।

**बुनेर जिले में आपातकाल घोषित :** अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

**पर्यटकों के आने पर लगा प्रतिबंध :** मनसेहरा में, पुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए।

**एबटाबाद शहर की सड़कें हुई जलमग्न :** एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं।

**निचले दीर में बाढ़ के पानी से बिजली हुई ठप :** निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।

**बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी :** संघीय ऊर्जा मंत्री अवैस अहमद लघारी के निर्देश पर, पेशावर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी ने बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की है और क्षेत्रीय कार्यों में सहयोग के लिए ट्रांसफार्मर, खंभे, केबल और भारी मशीनें भेजी हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 18 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# ब्रेविस को रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल करने सीएसके ने कोई गलत तरीका नहीं अपनाया : अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि 2025 आईपीएल सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेवाल्ड ब्रेविस की खरीदारी में किसी प्रकार का गलत तरीका नहीं अपनाया था। अश्विन ने कहा कि सीएसके ने रिप्लेसमेंट नियम का बेवजह लाभ नहीं उठाया है। वहीं अश्विन ने पहले आरोप लगया था कि ब्रेविस को खरीदने के लिए सीएसके ने रिश्वत दी थी। जिसे सीएसके ने खारिज कर दिया था। सीएसके ने एक बयान जारी कर साफ कर दिया कि फ्रैंचाइजी ने ब्रेविस को खरीदने के लिए किसी को पैसा नहीं दिया।

वहीं अब अश्विन को इस मामले पर अपनी सफाई देनी पड़ी है। उन्होंने कहा ÷हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां हमें सच्ची कहानियों पर भी स्पष्टीकरण देना पड़ता है। ऐसे में यहां किसी की कोई गलती नहीं है। इस मामले पर स्पष्टीकरण इसलिए दिया गया है क्योंकि बहुत से लोगों को संदेह है। मुद्दा यह है कि खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है, फ्रैंचाइजी की कोई गलती नहीं है, और शायद गवर्निंग बॉडी की भी कोई गलती नहीं है। हम सभी को यह समझना होगा कि अगर किसी फ्रैंचाइजी को किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है, तो फ्रैंचाइजी उस खिलाड़ी या खिलाड़ी के एजेंट से बात करती है और बीसीसीआई से कहती है, देखिए, हमारा एक खिलाड़ी चोटिल है, हमें एक खिलाड़ी चाहिए। मामला यहीं समाप्त हो जाता है।

उन्होंने साथ ही कहा, ÷आईपीएल या जिन्हें मंजूरी देनी होती है, वे मंजूरी दे देते हैं और खिलाड़ी आकर खेलता है। अगर यहां कोई गलती होती, तो वह खिलाड़ी फ्रैंचाइजी में नहीं खेलता। यह ब्रेविस के बारे में नहीं है; आमतौर पर ऐसा ही होता है। एक और बात है जो मैं समझाना चाहता हूं। वीडियो में मेरा इरादा यह बताना था कि ब्रेविस कितनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। हमें यह समझना होगा कि आईपीएल में खेलने वाले हर खिलाड़ी का एक त्रि-भागीय अनुबंध होता है, खिलाड़ी, फ्रैंचाइज़ी और आईपीएल का।÷

अंत में उन्होंने कहा, तो अगर इसमें कुछ गड़बड़ है, तो इसे मंजूरी नहीं मिलेगी। आईपीएल में चोट के कारण रिप्लेसमेंट में जो लचीलापन है, उसका हर कोई फायदा उठा रहा है। केवल चेन्नई सुपर किंग्स ने ही रिप्लेसमेंट नहीं चुना है; कई और टीमें भी हैं।



## यश ढुल का शतक, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं।

युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की और चार ओवर में सिर्फ़ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफ़ी महंगे साबित हुए।

सलामी बल्लेबाज सार्थक रंजन (26 गेंदों पर 52 रन) और अर्नव बुग्गा (13 गेंदों पर 43 रन) ने पांच ओवरों के अंदर 85 रन की साझेदारी करके स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और आखिर में उसकी टीम नौ विकेट पर 182 रन ही बना सकी।

### अवसरों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं

ढुल ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।'

पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, 'उस घटना ने मेरी बहुत मदद की क्योंकि मुझे पता चला कि मैं क्या कर सकता हूं। उस समय कोई भी मेरे साथ नहीं खड़ा था। मुझे पता था कि मैं अकेला हूं और मेरे पास अच्छी वापसी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। मैंने बस खुद को मानसिक रूप से मज़बूत रखा।% ढुल ने कहा, 'मुझे खुद पर भरोसा था। मुझे पता था कि मैं एक दिन फिर से खेलूंगा और मुझे पता था कि कैसे खेलना है और कैसे खेलूंगा।'

## सूर्यकुमार फिट हुए, एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव फिटनेस टेस्ट में पास हो गये हैं। ऐसे में अब अगले माह होने वाले एशिया कप के लिए उनके खेलने को लेकर संशय समाप्त हो गया है। भारत की मेजबानी में होने वाला एशिया कप 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। इसका खिताबी मुकाबला 28 सितंबर को होगा। एशिया कप अबू धाबी और दुबई में खेला जाएगा। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 अगस्त को होगी।

कप्तान सुर्यकुमार यादव के फिट होने से भारतीय टीम ने राहत की सांस ली है। सूर्यकुमार सर्जरी से उबरने के बाद से ही भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे थे, जहां उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। सूर्यकुमार अब एशिया कप के लिए मुंबई में होने वाली चयन समिति की बैठक में भाग लेंगी। बीसीसीआई के एक अधिकार ने कहा, उन्होंने अपनी फिटनेस साबित कर दी है और एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कुछ दिन



पहले तक सूर्यकुमार यादव सीओई में रिहैब के तौर से गुजर रहे थे।

सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खत्म होने के बाद जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। इसके बाद से ही वह खेल से दूर थे। सर्जरी एशिया कप 2025 में भारतीय टीम अपना पहला मैच 10 सितंबर को खेलेगी। इसे बाद 14 सितंबर को भारतीय टीम पाकिस्तान से खेलेगी हालांकि इस मैच का काफी विरोध भी हो रहा है जिससे इसप संशंय के बादल छा गये हैं। भारतीय टीम को एशिया कप में पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। वहीं ग्रुप-बी में हांगकांग, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें हैं।

## रोहित-कोहली को टेस्ट से बाहर करने के पीछे बीसीसीआई की राजनीति: घावरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया था। यह फैसला क्रिकेट फैंस के लिए चौंकाने वाला इसलिए भी रहा क्योंकि दोनों ही दिग्गज अभी इस फॉर्मेट से हटना नहीं चाहते थे। एक रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और कोहली इंग्लैंड दौरे की तैयारी में जुटे थे और इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर बेहद उत्साहित थे। लेकिन बीसीसीआई और चयन समिति के दबाव के चलते दोनों को संन्यास का ऐलान करना पड़ा।

रोहित शर्मा ने सबसे पहले इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए अपने टेस्ट करियर के अंत की घोषणा की। दो दिन बाद विराट कोहली ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर संन्यास लेने की इच्छा जताई और जल्द ही सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसे सार्वजनिक भी कर दिया। इन घोषणाओं के बाद क्रिकेट गलियारों में सवाल उठने लगे कि क्या दोनों खिलाड़ी वास्तव में संन्यास लेना चाहते थे या उन्हें मजबूर किया गया। इस बीच यह भी खबर आई थी कि कोहली रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेलना चाहते थे और उन्होंने अपने कोच से कहा था कि इंग्लैंड दौरे पर कम से कम चार-पांच शतक बनाने का लक्ष्य है। वहीं, रोहित ने भी आईपीएल ब्रेक के दौरान माइकल क्लार्क से बातचीत में इंग्लैंड सीरीज़ को लेकर अपनी तैयारी का जिक्र किया था।

इस पूरे प्रकरण पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज कर्सन घावरी ने बड़ा बयान दिया है। घावरी का दावा है कि कोहली और रोहित को बीसीसीआई की आंतरिक राजनीति और चयन समिति के फैसलों के कारण समय से पहले संन्यास लेना पड़ा। उनके मुताबिक, दोनों दिग्गज खिलाड़ी कम से कम कुछ और वर्षों तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते थे और टीम को योगदान दे सकते थे। लेकिन अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की अलग योजनाओं के चलते उन्हें किनारे कर दिया गया। घावरी ने कहा कि बीसीसीआई ने दोनों को सम्मानजनक विदाई भी नहीं दी, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके मुताबिक, ऐसे महान खिलाड़ियों को शानदार विदाई दी जानी चाहिए थी क्योंकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट और फैंस के लिए अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने इसे 'छोटी राजनीति' का नतीजा बताया और कहा कि यह समझना मुश्किल है कि आखिर बोर्ड ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। क्रिकेट जगत में अब भी इस फैसले पर बहस जारी है। एक ओर जहां फैंस और पूर्व क्रिकेटर मानते हैं कि रोहित और कोहली का करियर टेस्ट फॉर्मेट में और आगे बढ़ सकता था, वहीं दूसरी ओर बोर्ड के अंदरूनी फैसलों ने उनकी राह रोक दी। यह विवाद भारतीय क्रिकेट की राजनीति और चयन प्रणाली पर नए सवाल खड़े करता है।

## हीली की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीता

### -भारतीय टीम ने 2-1 से सीरीज जीती

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी भारतीय महिला ए टीम को तीसरे एकदिवसीय में मेजबानों के हाथों 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम ने इस सीरीज के पहले दो मैच जीतकर जीते थे जिससे वह 2-1 से सीरीज जीतने में सफल रही। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय ए टीम ने शेफाली वर्मा के अर्धशतक से 216 रन बनाकर मेजबानों को जीत के लिए 217 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एलिसा हीली के शतक से 27.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। हीली ने 84 गेंदों पर 137 रन बनाये। इस पारी में 23 चौके और 2 लंबे छक्के भी शामिल थे। उन्हें इस लाजवाब पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला।



## एशिया कप : भारत-पाकिस्तान मुकाबले में 10 सेकंड के विज्ञापन के लिए खर्च करने होंगे इतने लाख रुपए

स्पोर्ट्स डेस्क । एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होने वाला है और हमेशा की तरह इस टूर्नामेंट का सबसे प्रतीक्षित मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। दोनों देशों के बीच तनाव का एक लंबा इतिहास रहा है और हाल ही में पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद यह और भी बढ़ गया। ऐसी मांगें उठ रही हैं कि भारत को पाकिस्तान के साथ मैचों का बहिष्कार करना चाहिए, लेकिन अब ऐसा होना लगभग नामुमकिन सा लग रहा है। मैदान के बाहर के इन तनावों ने भारत-पाकिस्तान मैचों को भी काफी ध्यान आकर्षित किया है और प्रसारकों को पिछले कुछ वर्षों में इससे फायदा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भारत के एशिया कप मैचों के दौरान विज्ञापन दरें 14 से 16 लाख रुपए की भारी कीमत तय की है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच एक हाई-प्रोफाइल मुकाबला भी शामिल है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडियाने 2031 तक एशिया कप के मीडिया अधिकार 17 करोड़ डॉलर में हासिल कर लिए हैं। इसलिए टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा और इसकी स्ट्रीमिंग सोनीलिव पर होगी। WPP मीडिया के क्लाइंट सॉल्यूशंस के अध्यक्ष नवीन खेमका ने इकोनॉमिक टाइम्स के हवाले से कहा, 'एशिया कप की अच्छी मांग रहेगी क्योंकि यह त्योहारों से पहले के सीजन में हो रहा है और भारत-पाकिस्तान मैच काफी आकर्षक है। इस साल दिवाली जल्दी आ रही है, इसलिए विज्ञापन गतिविधियां सितंबर में ही शुरू हो जाएंगी।'

## 'जिस तरह के आजकल हालात...': एशिया कप से पहले पाकिस्तान के मुख्य कोच ने भारत को चेताया

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होने वाला है और पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन और चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद इस घोषणा के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे और उन्होंने टीम चयन के पीछे के तर्क पर खुलकर बात की।

आकिब जावेद से पूछा गया कि क्या चुनी गई टीम 14 सितंबर को होने वाले मुकाबले में भारत को हराने की क्षमता रखती है। जवाब में पाकिस्तान के मुख्य कोच आत्मविश्वास से भरे दिखे और कहा कि दोनों पड़ोसियों के बीच यह मैच क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़ा मैच है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें शामिल खिलाड़ी और आसपास के सभी लोग इस खेल के महत्व को समझते हैं और दावा किया कि एशिया कप 2025 के लिए चुनी गई पाकिस्तान टीम में टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हराने की क्षमता है।

आकिब जावेद ने कहा, 'बिल्कुल है। हम चाहें या ना चाहें, भारत और पाकिस्तान का जो मैच है वो क्रिकेट में सबसे बड़ा मैच है। ये हर खिलाड़ी को भी एहसास होता है, हर इंसान को भी एहसास होता है और मुझे लगता है कि ये 17 सदस्यीय टीम है उसमें इतनी क्षमता है जो कि किसी भी टीम को हरा सकती है।'

जावेद ने यह भी उल्लेख किया कि चीजें बदलती रहती हैं और सभी से टीम के पीछे रहने का आग्रह किया। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान के बाहर चल रहे तनाव का भी हवाला दिया और कहा कि उनके खिलाड़ी तैयार हैं। आकिब जावेद ने आगे कहा, 'मैं बहुत आशान्वित हूं, चीजें बदलती रहती हैं, इस दफा आप भी तैयार करते हैं और हम भी पकड़ते हैं। खिलाड़ी भी तैयार हैं, और सबको एहसास है कि ये कितना बड़ा मैच है और जिस तरह




के आजकल हालात चल रहे हैं। ये भी नहीं के उन पर कोई दबाव डालना है, लेकिन मैं वास्तव में आशान्वित हूं।'

## बीसीसीआई ने डोमेस्टिक क्रिकेट में लाया बड़ा बदलाव, गंभीर चोट पर मिलेगा रिप्लेसमेंट

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025-26 डोमेस्टिक सीजन से पहले खेल नियमों में अहम बदलाव किए हैं। नए नियम के तहत मल्टी डे क्रिकेट में गंभीर चोट के लिए रिप्लेसमेंट की अनुमति दी जाएगी। इस प्रावधान को गंभीर चोट रिप्लेसमेंट नाम दिया गया है। हाल ही में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत और इंग्लैंड के क्रिस वोक्स चोटिल हो गए थे। उसी अनुभव के बाद बीसीसीआई ने यह कदम उठाया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नया नियम मौजूदा कन्कशन सब्स्टीट्यूशन प्रावधान जैसा ही होगा। इसमें किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट लगने पर उसकी जगह उसी तरह की क्षमता वाला खिलाड़ी मैदान पर उतर सकेगा। हालांकि, यह प्रक्रिया तभी लागू होगी जब ऑन-फील्ड अंपायर और मैच रेफरी डॉक्टर से परामर्श के बाद इसे मंजूरी देंगे। एक बार रिप्लेसमेंट के बाद घायल खिलाड़ी मैच में दोबारा हिस्सा नहीं ले सकेगा। बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस स्थिति में आंकड़ों और रिकॉर्ड्स के लिए घायल खिलाड़ी और रिप्लेसमेंट दोनों को प्रतिभागी माना जाएगा। हालांकि, यह नियम केवल मल्टी डे क्रिकेट जैसे सीके नायडू ट्रॉफी पर लागू होगा। सीमित ओवरों की प्रतियोगिताएं, जैसे विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, इसके दायरे में नहीं आएंगी। साथ ही अभी तक यह साफ नहीं है कि भविष्य में इसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी लागू किया जाएगा या नहीं।

## एशिया पैसफिक पैडल कप में खेलती नजर आयेगी युवराज की छोटी बहन अमरजोत



नई दिल्ली । अमरजोत कौर का चयन मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एशिया पैसफिक पैडल कप एपीपीस 2025 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। अमरजोत भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंउर युवराज सिंह की छोटी बहन है। भारतीय पैडल टीम में इस बार अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जिससे टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। एशिया पैसफिक पैडल कप में भारतीय टीम के खिलाड़ी अपनी तेज सर्विस, रैलियों और सटीक स्मैश के बल पर जीत हासिल करने उतरेंगे। एशिया पैसिफिक पैडल कप 2025 में बड़ी टीमें खिताबी मुकाबलों में उतरेंगी। अब युवराज सिंह के प्रशंसकों को उम्मीद है कि उनकी बहन इस टूर्नामेंट में उन्हीं की तरह बेहतर प्रदर्शन करेगी। युवराज के पिता योगराज सिंह ने दो शादियां की है। अमरजोत योगराज की दूसरी पत्नी नीना बुंदेल की बेटी हैं। नीना पंजाबी फिल्मों की शीर्ष अभिनेत्री रही हैं। अमरजोत भी काफी ग्लैमरस और सुंदर हैं। सोशल मीडिया पर उनके साढ़े 32 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। युवराज और जोरावर के अलावा अमरजोत का एक सगा भाई भी है, जिसका नाम विक्टर सिंह है। पैडल गेम की शुरुआत साल 1969 में मैक्सिको में हुई थी। इसके बाद से ही ये खेल यूरोप, यूएई में लोकप्रिय हुआ और अब ये बड़े शहरों में खेला जाता है। पैडल एक रैकेट गेम है हालांकि इसके रैकेट छोटे होते हैं, ये टेनिस और स्क्वाश का मिला-जुला रुप माना जाता है। यह मुख्य रूप से डबल्स प्रारुप में खेला जाता है।

# अपने अंतिम समय में भी मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**कोलकाता (एजेंसी)।** केर्न्स ÷दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए। इससे पहले उन्होंने लॉन्ग-ऑन पर डेवाल्ड ब्रेविस की विनाशकारी पारी का अंत करने के लिए एक मैच-बदलने वाला कैच लपका था। वनडे मैचों से संन्यास लेते समय, मैक्सवेल ने मैदान पर 50 ओवर नहीं टिक पाने का हवाला दिया था, लेकिन हाल ही में कुछ बाउंड्री कैचों से यह बात और पुख्ता हुई है कि वह शानदार पल बिताने में सक्षम हैं।

ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले अच्छी फॉर्म में है और मैक्सवेल खेल के तीनों पहलुओं में, दूसरी बार खिताब जीतने की उनकी कोशिश का एक अहम हिस्सा होंगे। उनकी ऑफ स्पिन टीम के संतुलन का एक अहम हिस्सा है और विश्व कप में पावरप्ले में एक अच्छा विकल्प साबित हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली दो सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया है, ऐसे में मैक्सवेल ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया है।

पिछले महीने सेंट किट्स में उन्होंने 18 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली थी और इस सीरीज में उन्हें तीन अलग-अलग स्थानों पर इस्तेमाल किया गया। परिस्थिति के अनुसार थोड़ा लचीलापन तो हमेशा रहेगा, लेकिन विश्व कप के लिए छठा और सातवां नंबर उनके लिए सबसे उपयुक्त लग रहा है। बल्लेबाजी में कई बार मैक्सवेल असहज दिखते हैं और हमेशा की तरह, ऐसे पल भी आते रहेंगे जो उन्हें परेशान करते हैं, 'ओह, मैक्सी, तुमने ऐसा क्यों किया?% शॉट। लेकिन फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक मैच जैसे मौके भी आते हैं, जब वह सटीक निशाना साधते हैं और सब कुछ सही निकलता है।

जिस तरह से उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए खुद को संभाला, वह एक शानदार दिमाग की झलक थी। सिंगल्स लेने में नाकाम रहे - यहां तक कि थोड़े समय के लिए, जब बेन ड्वारशुइस जैसे बेहद काबिल आठवें नंबर के बल्लेबाज उनके साथ थे - और आखिरी ओवर में लुंगी एनगिडी की गेंदबाजी को भांपने की कोशिश करते हुए उन्होंने शॉर्ट थर्ड पर एक फुलटॉस को रिवर्स करके मैच जीत लिया, जबकि पिछली दो गेंदों पर उन्होंने रन नहीं बनाए थे और जरूरत के दो ओवरों में से चार रन बच गए थे।

मैक्सवेल ने कहा, 'मैं शायद पिछली गेंद पर ऐसा करने के बारे में सोच रहा था।% (लेकिन) मुझे लगा कि वह पहले वाली गेंद धीमी करने वाला था ताकि मैं उसे मिडविकेट पर दो रन के लिए मार सकूं। जैसे ही गेंद तेज हुई, मुझे एहसास हुआ कि मैंने शायद गेंद न मारकर गलती की है। मैंने गेंद को इतनी अच्छी तरह मारा कि दो रन नहीं मिल पाए, इसलिए मैंने सोचा, कोई बात नहीं, मैं आखिरी दो गेंदों में से एक पर चौका मारूंगा , उम्मीद है कि चौका लग जाएगा। मुझे लगा कि वह धीमी गेंद नहीं डालेगा।

'हालांकि मैं पहले उससे एक रन ले पाया था, मुझे नहीं लगा था कि यह इतना आसान होगा। मुझे लगता है कि बात थोड़ी ज्यादा बारीक थी। मुझे लगा कि गेंद को वहां तक पहुंचाने के लिए मुझे तेज गति की ज़रूरत है। जैसे ही मैंने गेंद को उसके हाथ से निकलते देखा, मैंने सोचा, कोई भी बल्ला लगाओ और गेंद चली जाएगी। मुझे वो गेंद मिली जो मैं चाहता था और मैं उसे अंजाम तक पहुंचाने में सक्षम था।%

14वें ओवर में जब ऑस्ट्रेलिया को 37 गेंदों पर 51 रनों की जरूरत थी, तब ड्वारशुइस के आने पर अपनी रणनीति के बारे में बताते हुए मैक्सवेल ने कहा कि ऐसा इसलिए था ताकि वह हवा के साथ छोटी बाउंड्री का फ़ायदा उठा सकें। %मैं उस ओवर को जितना हो सके नियंत्रित करना चाहता था और फिर दूसरे छोर से (ड्वारशुइस) पर भरोसा करना चाहता था, जहां उसके पास कुछ और विकल्प थे। मुझे लगता है कि अगर मैंने पहली गेंद पर सिंगल ले लिया होता (जब वह अपनी पारी शुरू ही कर रहा था), तो उसके लिए रन बनाना या तुरंत स्ट्राइक से हटना मुश्किल हो सकता था।

मुझे लगा कि अगर मैं उस ओवर की पांच गेंदों पर नॉन-स्ट्राइकर एंड पर होता और एक दाएं हाथ के बल्लेबाज़ के तौर पर छोटी गेंदें



मारता, तो यह थोड़ा जोखिम भरा हो सकता था। अंत में, मुझे लगता है कि मैंने उस ओवर में 11 रन बनाए, जो एक जीत है। इसने गति बनाए रखी। उसके बाद से, मैंने मूल रूप से दोनों छोर पर उस पर भरोसा किया।

जब मैक्सवेल ने कैगिसो रबाडा के आखिरी ओवर में 15 रन बनाए - एक बड़ी बीमर के रबाडा की पकड़ से छूट जाने के बाद फ्री हिट पर छक्का जड़ा - तो मैच तय लग रहा था और ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंदों पर 12 रन चाहिए थे। हालांकि, कॉर्बिन बॉश ने 19वें ओवर में डबल-विकेट मेडन लगाकर मैच में नया मोड़ ला दिया। लेकिन एडम जम्पा ने दो गेंदें बचाकर अपनी भूमिका निभा दी थी और मैक्सवेल के पास स्ट्राइक थी। उन्हें अच्छी तरह पता था कि उन्हें क्या करना है।

## एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम में बाबर, रिजवान को नहीं मिली जगह

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले माह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले टी20 एशिया कप के साथ ही त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के लिए भी अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी सलमान आगा करेंगे पर इस टीम में अनुभवी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं मिली है। एशिया कप से पहले पाक टीम यूएई और अफगानिस्तान के खिलाफ 29 अगस्त से त्रिकोणीय सीरीज भी खेलेगी। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा। एशिया कप के लिए जिन खिलाड़ियों को जगह मिली है। उनमें तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ के साथ ही फखर जमन और खुशदिल शाह भी शामिल हैं। वहीं विकेटकीपर मोहम्मद हारिस का भी टीम में शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने हसन नवाज, सलमान मिर्जा और सुफयान मोकिम जैसे युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दिया है। सलमान को बांग्लादेश में अच्छे प्रदर्शन के लिए टीम में बनाये रखा गया है, जहां उन्होंने तीन मैचों में 5.21 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए थे। पाक टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा, हमने सलमान को बांग्लादेश में उनके प्रदर्शन के कारण टीम में बरकरार रखा है। एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, ओमान और यूएई के साथ शामिल किया गया है। इसमें पाक टीम अपने अभियान की शुरुआत 12 सितंबर को ओमान के खिलाफ करेगी। इसके बाद उन्हें भारत के खिलाफ 14 सितंबर को बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलना है।



**टीम इस प्रकार है ÷** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मुकीम।

# सेंसेक्स की पांच कंपनियों का मार्केट कैप 60,675.94 करोड़ बढ़ा

## - एसबीआई और एचडीएफसी बैंक को सबसे ज़्यादा फायदा

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी के चलते सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में कुल 60,675.94 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक बढ़ा, जबकि निफ्टी में 268 अंक की वृद्धि हुई। बाजार में छुट्टियों के कारण कारोबार के सत्र कम थे, फिर भी निवेशकों का भरोसा बना रहा। एचबीआई का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ हो गया, जो इस सप्ताह की सबसे बड़ी बढ़त रही। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 14,083.51 करोड़ बढ़कर 15,28,387.09 करोड़ हो गई। इसके अलावा इन्फोसिस का मार्केट कैप 9,887.17 करोड़ बढ़ा और यह 6,01,310.19 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी क्रमशः 8,410.60 करोड़ और 7,848.84 करोड़ की बढ़त दर्ज की। इसके विपरीत, एलआईसी को सबसे अधिक नुकसान हुआ। उसका बाजार मूल्यांकन 15,306.50 करोड़ घटकर 5,61,881.17 करोड़ रह गया। बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएच और हिंदुस्तान यूनिलीवर को भी घाटा हुआ। मार्केट कैप के आधार पर शीर्ष कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर



बनी रही, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएच, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा। इस सप्ताह के सकारात्मक संकेत निवेशकों के लिए उत्साहजनक रहे, विशेषकर बैंकिंग और आईटी क्षेत्र में।

# एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से माइलेज और तकनीकी समस्याएं, विशेषज्ञ चिंतित

## - वाहनों की माइलेज में करीब 7 फीसदी तक की गिरावट

**नई दिल्ली ।**

भारत में वाहनों के लिए 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के उपयोग को लेकर माइलेज और तकनीकी समस्याओं पर बहस तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने शिकायत की है कि इस ईंधन के कारण उनके वाहनों की माइलेज में करीब 7 फीसदी तक की गिरावट आई है। साथ ही, कुछ लोगों ने इंजन के रबड़ और धातु के कलपुर्जों के जल्दी खराब होने की आशंका भी जताई है। विशेषज्ञों का मानना है कि एथनॉल की हाइग्रोस्कोपिक प्रकृति यानी नमी को सोखने की क्षमता इसका प्रमुख कारण है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स



एसोसिएशन ने बताया कि अगर पेट्रोल पंप के भूमिगत टैंक में पानी चला जाए, तो एथनॉल उससे घुलकर ईंधन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। इससे वाहन की परफॉर्मेंस पर असर पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ई20 का उद्देश्य प्रदूषण कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और आयात पर निर्भरता घटाना है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भी माना कि ई20 से माइलेज में थोड़ा अंतर हो सकता है, लेकिन इसे स्वच्छ और स्वदेशी ऊर्जा के लिए जरूरी कदम बताया।

# 1 अक्टूबर से यूपीआई पर आम यूजर्स के लिए कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद




### अब एक आम व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट के जरिए पैसे नहीं मांग पाएगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने ऑनलाइन ठगी रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पर आम यूजर्स के लिए पीयर-टू-पीयर कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद करने का फैसला किया है। कलेक्ट रिक्वेस्ट एक ऐसा फीचर था जिससे कोई भी यूजर अपने दोस्त या रिश्तेदार से पैसे मांग सकता था। उदाहरण के तौर पर अगर किसी दोस्त को 500 वापस लेने होते थे तो वह यूपीआई ऐप के जरिए कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजता था और जैसे ही पैसा मांगा गया व्यक्ति अपने पिन से उसे मंजूरी देता, पैसा उसके खाते में ट्रांसफर हो जाता था। हालांकि, इस सुविधा का गलत फायदा उठाकर धोखेबाज लॉटरी, कैशबैक, या नौकरी के बहाने फोन कर यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजकर फ्रॉड करते थे। वे कहते थे कि आपके खाते में पैसा आने वाला है, बस रिक्वेस्ट अप्रूव कर दें। जैसे ही पीड़ित अपना यूपीआई पिन डालता, उसके खाते से पैसा धोखेबाजों के खाते में चला जाता था। एनपीसीआई ने इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए आम यूजर्स के लिए कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद करने का कदम उठाया है। इसका मतलब है कि अब एक आम व्यक्ति दूसरे आम व्यक्ति से यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट के जरिए पैसे नहीं मांग पाएगा। इस बदलाव का रोजमर्रा के यूपीआई पेमेंट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दुकानें, कंपनियां और वेरिफाइड व्यवसाय अभी भी कलेक्ट रिक्वेस्ट भेज सकेंगे। यूजर्स क्यूआर कोड, मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी के जरिए पेमेंट करना जारी रख सकते हैं। इस कदम से आम यूजर्स के पैसे पहले से ज्यादा सुरक्षित हो जाएंगे और गलती से फ्रॉड रिक्वेस्ट को अप्रूव करने का डर खत्म होगा। यूपीआई पर यह बदलाव सुरक्षा बढ़ाने के लिए अहम कदम माना जा रहा है।

# भारत की सॉवरेन रेटिंग के बाद 10 प्रमुख वित्तीय संस्थानों की रेटिंग भी बढ़ी



*- भारत के 10 साल के बॉन्ड यील्ड में दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई*

**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार के एक दिन बाद ही एजेंसी ने भारत के 10 प्रमुख वित्तीय संस्थानों की रेटिंग में भी सुधार किया है। इसमें एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस जैसी वित्तीय कंपनियों की भी रेटिंग बढ़ाई गई है। रे टिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, बेहतर वित्तीय प्रणाली और खराब कर्जों की वसूली में सुधार से इन संस्थानों की स्थिति मजबूत हुई है। एजेंसी को भरोसा है कि ये संस्थान देश की घरेलू मांग और निवेश वृद्धि का पूरा लाभ उठाएंगे। रेटिंग अपग्रेड की खबर से वित्तीय बाजारों में भी सकारात्मक असर पड़ा। भारत के 10 साल के बॉन्ड यील्ड में दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, और यह 6.38 फीसदी तक पहुंचा। वहीं, रुपया भी थोड़ा मजबूत होकर 87.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत ने राजकोषीय अनुशासन और समावेशी विकास में संतुलन कायम किया है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है, जिसे उपभोक्ता मांग और सरकारी खर्च से समर्थन मिलेगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि अमेरिकी टैरिफ का अल्पकालिक असर हो सकता है, लेकिन भारत का दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण मजबूत बना रहेगा।

# चीन से मैग्नेट सप्लाई में रुकावट

## - भारतीय ईवी कंपनियों ने खोजे नए विकल्प

**मुंबई ।**

भारत की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता कंपनियों ने चीन से हैवी रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई में आई कमी से निपटने के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने शुरू कर दिए हैं। फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनियां उत्पादन बनाए रखने के लिए तेजी से कदम उठा रही हैं। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि अगस्त में उत्पादन बाधित हो सकता है, लेकिन अब कंपनियों ने विकल्प तैयार कर लिए हैं। बजाज ऑटो ने चीन से लाइट रेयर अर्थ मैग्नेट, जिन्हें हैवी रेयर अर्थ-फ्री मैग्नेट भी कहा जाता है, आयात किए हैं। इनका परीक्षण ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया में चल रहा है। परीक्षण सफल रहने पर बजाज इन मैग्नेट्स को बड़ी मात्रा में मंगाकर अपने मोटर सब-असेंबली में इस्तेमाल करेगी। इन मैग्नेट्स की खासियत यह है कि इन्हें उपयोग करने पर कंपनी को घरेलू मूल्यवर्धन में कोई छूट नहीं लेनी पड़ेगी। एथर एनर्जी भी इसी दिशा में काम कर रही है। कंपनी खुद लाइट रेयर अर्थ मैग्नेट्स की टेस्टिंग कर रही है और साल की आखिरी तिमाही में एआरएआई से मंजूरी लेने की योजना है। टीवीएस मोटर कंपनी के सीईओ ने बताया कि उनकी कंपनी कई विकल्पों पर काम कर रही है, जैसे फेराइट आधारित मैग्नेट, हैवी रेयर अर्थ-फ्री मैग्नेट और बिना मैग्नेट



वाली मोटर टेक्नोलॉजी। साथ ही, कंपनी विभिन्न देशों से सप्लाई सुनिश्चित करने की भी कोशिश कर रही है। यह पहल भारतीय ईवी इंडस्ट्री को चीन पर निर्भरता कम करने और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जा रही है।

# आईओसी इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से बना रहा विमानन ईंधन

**नई दिल्ली ।**

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पानीपत रिफाइनरी ने इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय आईएससीसी कोरे सिया प्रमाणन प्राप्त कर लिया है। यह भारत में पहली बार किसी कंपनी ने ऐसा प्रमाणन हासिल किया है। सेफ पारंपरिक जेट ईंधन में 50 फीसदी तक मिलाया जा सकता है, जिससे विमानन क्षेत्र के कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट ईंधन में कम से कम 1 फीसदी सेफ अनिवार्य कर दिया है। आईओसी पानीपत रिफाइनरी सालाना 35,000 टन सेफ का उत्पादन करेगी। यह ईंधन मुख्यतः बड़े होटल और रेस्तरां से एकत्रित इस्तेमाल किए हुए तेल से बनेगा। इसके अलावा, कंपनी गुजरात की कोयाली रिफाइनरी में ब्यूटाइल एक्रिलेट उत्पादन के लिए भी बड़ा संयंत्र स्थापित कर रही है और हरित हाइड्रोजन उत्पादन पर भी काम कर रही है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगा।




# एफपीआई ने अगस्त में 21,000 करोड़ की निकासी की

### - वैश्विक अनिश्चितता और रुपये की कमजोरी मुख्य कारण

**नई दिल्ली ।** अगस्त 2025 के पहले पखवाड़े में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से करीब 20,975 करोड़ रुपए की निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे 2025 में एफपीआई की कुल निकासी 1.16 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। यह निकासी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों और रुपये में गिरावट के कारण हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता ने उभरते बाजारों, विशेष रूप से भारत जैसे देशों में निवेश के प्रति एफपीआई की धारणा को प्रभावित किया है। इसके अलावा डॉलर की मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ा है, जिससे विदेशी निवेश और भी कम आकर्षक हो गया है। बाजार के जानकारों ने कहा` कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक नीतियों में बदलाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। वहीं, कंपनियों के अनुमान से कमजोर तिमाही परिणाम और शेयरों का ऊंचा मूल्यांकन भी बिकवाली की प्रमुख वजहें हैं। हालांकि कुछ सकारात्मक संकेत भी हैं। अमेरिका-भारत व्यापार तनाव में कमी और अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क को 27 अगस्त के बाद टालने की संभावना से निवेशकों को राहत मिल सकती है।

# एयर कनाडा में पहली बड़ी फ्लाइट अटेंडेंट हड़ताल, 623 से अधिक उड़ानें रद्द

**मुंबई।** कनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन एयर कनाडा 1985 के बाद पहली और सबसे बड़ी फ्लाइट अटेंडेंट हड़ताल का सामना कर रही है। करीब 10,000 केबिन क्रू ने हड़ताल शुरू कर दी है, जिससे 623 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं और 1 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए हैं। टोरंटो, मॉन्ट्रियल और वैंकूवर जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों को लंबी लाइनों और अफरा-तफरी का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाइट अटेंडेंट्स की सबसे बड़ी मांग 'अनपेड वर्क' यानी बिना भुगतान के किए गए काम के लिए वेतन प्राप्त करना है। वर्तमान में एयर कनाडा कर्मचारियों को केवल विमान उड़ान के दौरान भुगतान करता है। लेकिन बोर्डिंग, सुरक्षा जांच और दो उड़ानों के बीच जमीन पर इंतजार का समय वेतन में शामिल नहीं है। फ्लाइट अटेंडेंट्स चाहते हैं कि वे काम किए गए हर घंटे का भुगतान पाएं, चाहे वह समय विमान में हो या जमीन पर। इसके अलावा वेतन वृद्धि की भी मांग की जा रही है, लेकिन अनपेड वर्क का मुद्दा सबसे अहम है। कनाडा की नौकरी और परिवार मंत्री एयरलाइन और यूनियन के बीच वार्ता कर समझौते का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई। एयरलाइन ने 'बाइंडिंग आर्बिट्रेशन' लागू करने का सुझाव दिया, जिसमें मध्यस्थ का फैसला अंतिम माना जाएगा और हड़ताल रोक दी जाएगी। यूनियन ने इसे हड़ताल के अधिकार का उल्लंघन बताया और इसे स्वीकार नहीं किया।

# डिविडेंड वीक- अगले हफ्ते 90 कंपनियों से निवेशकों को मिलेगा लाभ

**मुंबई ।** शेयर बाजार में डिविडेंड का माहौल गर्म है। 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच निवेशकों के लिए एक सुनहरा मौका आने वाला है, जब करीब 90 कंपनियां अपने शेयरधारकों को डिविडेंड (लाभांश) देने जा रही हैं। इसमें दिग्गज ए-ग्रुप कंपनियों से लेकर मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियां भी शामिल हैं। डिविडेंड वीक की शुरुआत 18 अगस्त को होगी। इस दिन आरती इंडस्ट्रीज, ब्राइट ब्रदर्स, जेके पेपर और पावर फाइनेंस कारपोरेशन जैसे नाम डिविडेंड देंगे। 19 अगस्त को अपोलो हॉ स्पिटल्स, नेटको फार्मा और पावर ग्रिड कारपोरेशन जैसे जैसे दिग्गज कंपनियों की बारी होगी। 20 अगस्त को मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों में हलचल देखने को मिलेगी। इस दिन भंसाली इंजी नियरिंग, सेन्को गोल्ड और सुखजीत स्टार्च जैसे शेयर चर्चा में रहेंगे। 21 अगस्त को कोल इंडिया, हिंदुस्तान एयरोनो टिक्स और रिलेक्सो फुटवियर जैसी बड़ी कंपनियां अपने निवेशकों को इनाम देंगी।

# जीएसटी सुधार और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की दिशा

### - कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव, डॉलर-रुपया विनिमय दर निवेशकों की रणनीति प्रभावित कर सकते हैं




**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह देखी गई तेजी के बाद इस सप्ताह में निवेशकों की निगाहें मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर टिकी रहेंगी। अनुमान है कि सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कुछ अहम बदलावों की घोषणा कर सकती है, जिससे बाजार में सकारात्मक माहौल बन सकता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जीएसटी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा सकते हैं। इससे व्यापारियों और कंपनियों को कर अनुपालन में राहत मिलने की संभावना है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। हालांकि, निवेशक सुधारों की प्रकृति और विस्तार से जानकारी मिलने तक सतर्क रुख अपना सकते हैं। यदि सुधार व्यावहारिक और दूरगामी हुए, तो बाजार में और तेजी देखने को मिल सकती है। इसी बीच वैश्विक कारक भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगे। अमेरिका और चीन की आर्थिक स्थिति, फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, और डॉलर-रुपया विनिमय दर जैसे कारक निवेशकों की रणनीति को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सप्ताह बाजार के लिए निर्णायक हो सकता है। निवेशकों को सतर्क रहकर निर्णय लेने की सलाह दी जा रही है, खासकर तब जब घरेलू नीति और वैश्विक घटनाएँ दोनों ही मोर्चों पर हलचल तेज है।

# रियलमी पी4 और रियलमी पी4 प्रो जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

भारत में रियलमी कंपनी आगामी 20 अगस्त को अपनी नई स्मार्टफोन सीरीज रियलमी पी4 और रियलमी पी4 प्रो लॉन्च करेगी। यह हैंडसेट डुअल चिपसेट टेक्नोलॉजी के साथ आएगा। रियलमी पी4 प्रो के टीजर से पता चलता है कि इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 7 जेन 4 और हायपर विजन एआई चीप का संयोजन होगा। यह स्मार्टफोन 7000 एमएएच की बैटरी और 80वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ पेश किया जाएगा। लॉन्च के बाद इसे फलीपकार्ट पर खरीदा जा सकेगा। फलीपकार्ट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रियलमी पी4 प्रो में 144 एचझेड रिफ्रेश रेट वाला 4डी क्रूव्ड प्लस डिस्प्ले होगा,



जिसकी पीक ब्राइटनेस 6500 निट्स तक होगी। स्नैपड्रेगन 7 जेन 4 को 4एनएम टीएसएमसी प्रोसेस पर बनाया गया है और यह अंतूतू बेंचमार्क पर लगभग 11 लाख अंक प्राप्त कर चुका है। यह चिपसेट मल्टीटास्किंग और हाई-परफॉर्मेंस टास्क को आसानी से संभालने में सक्षम है।

रियलमी पी4 में भी डुअल चिपसेट का फीचर मिलेगा, लेकिन इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 7400 अल्ट्रा 5जी चिपसेट के साथ पिक्सलवर्क विजूअल प्रोसेसर का उपयोग किया गया है, जो बेहतर विजुअल परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। रियलमी पी4 प्रो में एक डेडिकेटेड ग्राफिक्स चिपसेट भी दिया जाएगा, जिससे गेमिंग और ग्राफिक्स अनुभव और बेहतर होगा। कीमत के मामले में कंपनी ने संकेत दिया है कि रियलमी पी4 प्रो की कीमत 30 हजार रुपये से कम होगी।


# विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार

## - मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह विदेशी बाजारों में तेल-तिलहन के भाव में मजबूती के कारण घरेलू बाजार में भी सरसों तेल, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल की कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। हालांकि, सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई क्योंकि सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग कमजोर रही। सोयाबीन तिलहन के दामों का सीधा संबंध डीओसी के बाजार से है, जो सोयाबीन से लगभग 82 प्रतिशत निकलता है। डीओसी के मजबूत दामों से सोयाबीन तिलहन को सहारा मिलता है, लेकिन ऊंचे दामों के कारण इसकी स्थानीय मांग कम बनी हुई है। विशेषज्ञों ने इसके लिए स्थानीय बाजार के विकास की जरूरत बताई है। मिलावटी बिनौला खल की समस्या ने भी तेल-तिलहन कारोबार को प्रभावित किया है। इससे किसानों को शुद्ध बिनौला खल के लिए उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं, जो कपास उत्पादन पर भी असर डाल सकता है। इस समस्या को लेकर संसद में भी रोक लगाने की मांग उठी है। सरकार ने खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की है, जिससे कच्चा पामतेल के लिए 20 रुपये और सोयाबीन डीगम के लिए 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाए गए हैं। इससे आयातित तेलों की कीमतों में वृद्धि हुई और घरेलू तेलों की कीमतों को मजबूती मिली। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे, जबकि कमजोर आवक के कारण बिनौला तेल के दामों में सुधार देखा गया। सरसों दाने का थोक भाव 100 रुपये बढ़कर 7,275-7,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सीपीओ तेल के दाम में 420 रुपये और पामोलीन तेल में 400-500 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कुल मिलाकर, विदेशी बाजारों की मजबूती और सरकारी नीतियों के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार का रुख जारी है।

# 12-18 महीनों में हो सकती है क्लासिक लीजेंड्स की आईपीओ लिस्टिंग




**मुंबई ।** महिंद्रा समूह समर्थित क्लासिक लीजेंड्स अगले 12 से 18 महीनों में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध हो सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लिस्टिंग अब एक वास्तविकता है और इसके पीछे केवल पूंजी जुटाना उद्देश्य नहीं है, बल्कि एक वैश्विक ब्रांड निर्माण की दिशा में कदम है। फिलहाल कंपनी के पास 875 करोड़ की पूंजी है और तत्काल फंडिंग की जरूरत नहीं है। क्लासिक लीजेंड्स का ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन अनुसंधान केंद्र पहले से तैयार है, लेकिन ईवी बाजार में एंट्री तभी होगी जब चार्जिंग ढांचा मजबूत होगा। इस प्रोजेक्ट को ब्रिटिश सरकार का समर्थन प्राप्त है। अधिकारी ने यह भी कहा कि बीएसए ब्रांड को पहले ब्रिटेन और फिर भारत में उतारना एक रणनीतिक और साहसिक निर्णय था। उनका मानना है कि दुनिया को एक भरोसेमंद मध्यम-बाजार मोटरसाइकिल ब्रांड की जरूरत है।



# डर लगता है जब छावा और कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में बनती हैं...

जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म तेहरान की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। साल 2012 में इजराइली राजनयिकों पर हुए हमलों पर आधारित यह फिल्म सीधे ओटीटी पर 14 अगस्त को दस्तक दे रही है। जॉन बीते कुछ समय में देशभिक्त जॉनर की फिल्मों को लेकर चर्चा में रहे हैं। अब एक हालिया बातचीत में, उन्होंने लगातार बन रही राष्ट्रवादी फिल्मों पर अपनी राय दी है। जॉन का कहना है कि ऐसी फिल्में अक्सर कट्टरपंथ की हद तक पहुंच जाती हैं और दर्शकों की भावनाओं को भड़काने से परहेज नहीं करतीं। दिलचस्प है कि इसी साल की शुरुआत में छावा की बंपर सक्सेस की तारीफ करने वाले जॉन अब्राहम ने अब कहा है कि वह कभी छावा या द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में नहीं बनाएंगे। यही नहीं, उन्होंने ऐसी फिल्मों के बनने और दर्शकों पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को डरावना भी बताया है। बातचीत में, जॉन ने फिल्मों पर सेंसरशिप के बारे में भी बात की और कहा, सेंसरशिप जरूरी है। लेकिन जिस तरह से इसे कंट्रोल किया जाता है, वह वह जरा सवाल खड़े करता है।

### दक्षिणपंथी फिल्मों को भारी दर्शक मिलना मेरे लिए चिंता

जॉन अब्राहम ने आगे यह स्वीकार किया कि जिस तरह दक्षिणपंथी फिल्मों को ज्यादा दर्शक मिलते हैं। वह चिंता का सबब है। एक्टर ने कहा, मेरे लिए चिंता की बात यह है कि दक्षिणपंथी फिल्मों को भारी दर्शक वर्ग मिलता है। ऐसे में एक फिल्म निर्माता के तौर पर आप खुद से पूछते हैं कि आप किस राह पर चलेंगे - क्या मैं व्यावसायिक रास्ता अपनाऊंगा या मैं अपनी बात पर अड़ा रहूंगा। मैंने दूसरा रास्ता चुना है।

### ऐसे इरादों से बनीं फिल्में मेरे लिए डरावनी

जब जॉन अब्राहम से पूछा गया कि क्या उनका भी मन बॉक्स ऑफिस पर बंपर हिट रही छावा और द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में बनाने का करता है? इस पर उन्होंने जवाब दिया, मैंने छावा नहीं देखी है, लेकिन मुझे पता है कि लोगों को यह और द कश्मीर फाइल्स दोनों पसंद आई हैं। जब फिल्में एक अति-राजनीतिक माहौल में लोगों को प्रभावित करने के इरादे से बनाई जाती हैं और ऐसी फिल्मों को दर्शक मिलते हैं, तो यह मेरे लिए डरावना है। आपके सवाल का जवाब है, नहीं। मुझे कभी ऐसा मन नहीं किया और मैं ऐसी फिल्में कभी नहीं बनाऊंगा।



# सोशल मीडिया पर हम एक्टर्स की हर चीज पब्लिक होती है

अपनी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स में चैलेंजिंग दौर से गुजर रही पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली वाणी कपूर अपने करियर की चुनौतियों पर कहती हैं, मेरी चुनौतियां लोगों को इतनी दिखाई नहीं देती है, क्योंकि वो इतनी लाउड नहीं रही हैं। मगर कई बार ऐसा हुआ है कि मेरे प्रॉजेक्ट्स लंबे-लंबे गैप के बाद आए हैं तो क्रिएटिव संतुष्टि नहीं महसूस होती। फिर, मेरी आदत है कि मैं खुद को लेकर बहुत आलोचनात्मक हो जाती हूं। खुद के साथ बहुत कठोर हो जाती हूं। मेरी सबसे बड़ी जद्दोजहद ही ये रहती है कि मैं खुद के प्रति दयालु रहूं, क्योंकि मैं खुद भी एक दबाव बना लेती हूं।

### सही क्रिटिसिज्म और शोर का फर्क समझना जरूरी

आज के सोशल मीडिया के दौर में ट्रोलिंग, नेगेटिविटी, खासकर ऐक्टर्स को निशाना बनाया जाना आम है। वाणी इन चीजों को कैसे हैंडल करती हैं? इस पर वह बताती हैं, सोशल मीडिया की वजह से हमारी जिंदगी ही थोड़ी नकली, सतही हो गई है। इसके फायदे भी हैं। यह इतना बड़ा मंच है, जिससे हमारी दुनिया कनेक्टेड हो गई है, मगर यहां हम इतनी चीजें हम देखते हैं और दूसरों से अपनी जिंदगी की तुलना करने लग जाते हैं। इससे हमारी अपनी अहमियत कम हो जाती है। हम हर वक्त दूसरों से मान्यता पाने में लग जाते हैं और हमारी इंडस्ट्री तो वैलिडेशन पर ही चलती है, तो काफी बार स्ट्रगल होता है, लेकिन आपको अपनी अहमियत खोजनी होती है, वरना खुद को खो देना बहुत आसान है।

### एक्टर्स के लिए हर चीज होती है पब्लिक

वो कहती हैं, चूंकि, हम ऐक्टर्स की हर चीज पब्लिक होती है। हमारी सफलता पब्लिक है तो असफलताएं भी पब्लिक हैं। इसलिए, कोई भी राय दे सकता है, जजमेंट पास कर सकता है। ऐसे में, यह समझदारी हमें सीखनी पड़ती है कि कौन सी बात काम की है, जिससे सीख कर आप खुद को बेहतर बना सकते हैं और दूसरा होता है शोर, जिसमें लोग एक भेड़चाल में बात करते हैं, जिसे इग्नोर करना ही एकमात्र तरीका है। वैसे, मेरा मानना है कि सोशल मीडिया पर रहना भी एक सोशल जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को यह जिम्मेदारी समझनी चाहिए कि आपके शब्द किसी पर क्या असर कर रहे हैं। बाकी, उनसे डील करने के लिए मैं मेडिटेट करती हूं। इसके अलावा, आपके पास एक सपोर्ट सिस्टम बहुत जरूरी है।

### रिया थॉमस के किरदार में क्या चुनौतियां आईं?

वहीं, सीरीज में रिया थॉमस के किरदार की चुनौतियों के बारे में वह कहती हैं, रिया का किरदार बहुत अलग है, जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया था। वह वैसी अल्फा किस्म की पुलिस ऑफिसर नहीं है। उसकी ताकत उसकी असुरक्षाओं से ही आती है। उसकी एक बहुत इमोशनल जर्नी थी, जिसे मैंने पूरी ईमानदारी से दिखाने की कोशिश की।

### सभी धर्मों में भरोसा, अंधविश्वास में नहीं

वाणी की सीरीज आस्था और अंधविश्वास पर आधारित है। निजी जिंदगी में उनका इन चीजों में कितना भरोसा है? इस पर उनका कहना है, मैं आध्यात्मिक हूं। मैं सबके ईश्वर का सम्मान करती हूं। मेरे लिए सब धर्म बराबर हैं, सारे भगवान एक हैं। मैं एनर्जी में बहुत यकीन करती हूं। मैं मानती हूं कि पॉजिटिव और नेगेटिव एनर्जी होती है और हम जो एनर्जी दुनिया में भेजते हैं, वही हमें वापस मिलती है। अगर आप पॉजिटिव सोचते हैं तो वैसे ही लोग अपने आसपास इकट्ठा करते हैं। जहां आप नेगेटिव सोचेंगे, वही सोच आपकी सचाई और पहचान बन जाती है।



# 'वॉर 2' और 'कुली' की टक्कर से पहले ऋतिक ने रजनीकांत को बताया अपना गुरु

**14 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होने वाला है। इसमें एक फिल्म है रजनीकांत की 'कुली' और दूसरी है ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2'। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। अब इस क्लैश से एक दिन पहले ऋतिक रोशन ने सुपरस्टार रजनीकांत के लिए एक खास पोस्ट किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।**

### 50 साल पूरे होने पर ऋतिक ने दी बधाई

'वॉर 2' और 'कुली' के रिलीज से पहले ऋतिक रोशन ने आज रजनीकांत के करियर के 50 साल पूरे होने पर एक्स पर उनके लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने रजनीकांत को अपना बेस्ट टीचर और प्रेरणा बताया है। ऋतिक ने लिखा, एक अभिनेता के रूप में आपके साथ मैंने अपनी शुरुआत की। आप मेरे पहले शिक्षकों में से एक थे। आज भी आप एक प्रेरणा हैं। आपने एक स्टैंडर्ड सेट किया है। पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के 50 साल पूरे होने पर आपको बधाई।

### 12 साल की उम्र में रजनीकांत के साथ फिल्म में नजर आए थे ऋतिक

ऋतिक रोशन ने साल 1986 में आई फिल्म 'भगवान दादा' में रजनीकांत के साथ अभिनय किया था। उस वक्त ऋतिक सिर्फ 12 साल के थे। यही वजह है कि ऋतिक ने रजनीकांत को अपना गुरु को बताया है। हालांकि, 'भगवान दादा' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।

### बॉक्स ऑफिस का सबसे बड़ा क्लैश

'वॉर 2' और 'कुली' ये दोनों ही फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। इन दोनों फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इसे इस साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। हालांकि, एडवांस बुकिंग में 'कुली' 'वॉर 2' पर भारी पड़ती दिख रही है। ऐसे में इस क्लैश से पहले ऋतिक द्वारा रजनीकांत के लिए पोस्ट करने और उन्हें बधाई देने पर यूजर्स ऋतिक की तारीफ कर रहे हैं।

# विकास मनकतला ने स्पेशल ऑप्स 2 के किरदार के लिए 11 किलो वजन बढ़ाया



मनोरंजन की दुनिया में, शारीरिक बदलाव अक्सर एक अभिनेता की लगन और समर्पण का प्रमाण होते हैं। बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज़ 'स्पेशल ऑप्स 2' में अभय सिंह की भूमिका के लिए अभिनेता विकास मनकतला ने इसे एक नए स्तर तक पहुंचा दिया। अपने सामान्य दुबले-पतले शरीर से एक दमदार और मांसल लुक तक और फिर वापस पहले जैसी फिटनेस में लौटने की उनकी यात्रा ने दर्शकों और समीक्षकों को हैरान कर दिया है। अभय सिंह जैसे सख्त और प्रभावशाली किरदार के लिए विक्कस को बड़ा शारीरिक परिवर्तन करना पड़ा। उन्होंने 11 किलो वजन बढ़ाया और शरीर को इस तरह गढ़ा कि वह किरदार की ताकत और गंभीरता को पूरी तरह दर्शा सके। यह बदलाव एक सावधानीपूर्वक तैयार डाइट और कठिन वर्कआउट रूटीन का नतीजा था। इसका परिणाम एक ऐसा दमदार लुक रहा जिसने किरदार की पर्सनालिटी को और भी प्रामाणिक और शक्तिशाली बना दिया। अभय सिंह के किरदार के लिए उनका समर्पण सीरीज़ में एक और परत जोड़ता है, जिससे 'स्पेशल ऑप्स 2' और भी प्रभावशाली हो गई है। अब जब सीरीज़ रिलीज़ हो चुकी है, विकास ने वह वजन कम कर लिया है और अपनी फिट और तराशी हुई बॉडी में वापस आ गए हैं।

# बिपाशा बसु से खुद को बेहतर बताने पर बुरी फंसी मृणाल



बॉलीवुड में स्टारडम के साथ-साथ विवाद भी अक्सर कलाकारों के साथ चलते हैं। हाल ही में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर एक पुराने वीडियो की वजह से चर्चा में हैं, जिसमें वो खुद की तुलना बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा बिपाशा बसु से करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो ने न सिर्फ सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है, बल्कि मृणाल को लोगों के गुस्से और आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ रहा है।

### जब मृणाल ने खुद को बताया बिपाशा से बेहतर

ये मामला तब सामने आया जब मृणाल ठाकुर का एक पुराना वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ, जो उनके टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य के दिनों का है। वीडियो में वह अपने को-एक्टर अर्जित तनेजा से बातचीत करते हुए पूछती हैं कि क्या वह मसल्स वाली लड़कियों को पसंद करते हैं। जब अर्जित जवाब देते हैं कि उन्हें फिट लड़कियां अच्छी लगती हैं, तो मृणाल कहती हैं, तो फिर बिपाशा से शादी कर लो। जब अर्जित बिपाशा की तारीफ करते हैं, तो मृणाल बेझिझक कहती हैं, मैं बिपाशा से बेहतर हूं। बस फिर क्या था, अब इस पुराने बयान के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। मृणाल इन दिनों अपनी हालिया फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को लेकर भी खबरों में हैं, जिसमें उन्होंने सुपरस्टार अजय देवगन के साथ लीड रोल निभाया है। फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन अब तक बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मृणाल, साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार धनुष के साथ अपनी कथित नजदीकियों को लेकर भी सुर्खियों में हैं।



# 'कुली' में आमिर खान का अहम किरदार, क्लाईमैक्स में रजनीकांत से कड़ी टक्कर



**रजनीकांत की फिल्म 'कुली' 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में रजनीकांत के अलावा बॉलीवुड से आमिर खान, तेलुगु सिनेमा से नागार्जुन, कन्नड़ सिनेमा से उपेंद्र राव और मलयालम सिनेमा से सौबिन शाहिर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। खास बात ये है कि आमिर खान इस फिल्म में रजनीकांत के पुराने दोस्त के किरदार में दिखेंगे।**

सूत्रों की मानें तो फिल्म की कहानी 1990 के दशक में चल रही सोने की तस्करी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। आमिर फिल्म में रजनीकांत के दोस्त का किरदार निभा रहे हैं, जो कहानी में अहम भूमिका निभाता है। यह कोई छोटा-मोटा कैमियो नहीं है, बल्कि कहानी के महत्वपूर्ण हिस्सों में आमिर की मौजूदगी नजर आएगी।

### बिखर जाती है रजनीकांत की टीम

सूत्र आगे बताते हैं कि रजनीकांत का किरदार देवा नाम के एक पूर्व सोना तस्कर का है, जो अपनी पुरानी टीम को फिर से जोड़कर खोई हुई ताकत वापस पाना चाहता है। उस टीम में आमिर खान का किरदार मुंबई से जुड़ा हुआ है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे देवा और उसकी टीम के लोग सुनहरी घड़ियों के भीतर छुपाई हुई तकनीक का इस्तेमाल करके तस्करी करते थे।

समय के साथ ये टीम देश के अलग-अलग हिस्सों में बिखर गई। आगे जाकर देवा अपने पुराने दोस्तों को एकजुट करता है, जिसमें आमिर का किरदार दाहा काफी अहम है।




### आमिर-रजनीकांत का टकराव

सूत्र ने यह भी बताया कि आमिर ने लगभग सात दिनों तक राजस्थान के जयपुर में इस फिल्म की शूटिंग की थी। फिल्म के अहम सीन नाहरगढ़ और सांभर में फिल्माए गए।

इस दौरान अमिर ने नॉर्मल सीन के साथ ही छोटे-छोटे एक्शन सीन भी शूट किये। फिल्म के क्लाइमैक्स में आमिर और रजनीकांत के बीच लगभग 15 मिनट का जबरदस्त एक्शन सीन है। यह फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक है।

### नागार्जुन की खतरनाक एंट्री

आमिर के अलावा 'कुली' में नागार्जुन का किरदार भी काफी अहम है। सूत्र बताते हैं कि नागार्जुन अंग तस्करी के रैकेट के मुखिया के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में रजनीकांत का न सिर्फ आमिर, बल्कि नागार्जुन के किरदार से भी टकराव होता है। फिल्म में नागार्जुन का किरदार न केवल खतरनाक है बल्कि बेहद चालाक भी है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in